दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 224 | जयपुर | बुधवार, 18 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# ईरान से 110 भारतीयों का पहला जत्था अर्मेनिया पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और संपर्क नंबर प्रदान करें।

ईरान-इजराइल संघर्ष के पांचवें दिन में प्रवेश करने के बाद मंगलवार को तेहरान में सभी भारतीयों को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर चले जाने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई।

नवीनतम जानकारी के अनुसार, 110 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था, जिनमें अधिकतर छात्र हैं, सुरक्षित रूप से आर्मेनिया पहुंच गए हैं



और बुधवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष बढ़ने के कारण मंगलवार को तेहरान में सभी भारतीयों को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर चले जाने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई।

तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और संपर्क नंबर प्रदान करें। कृपया +989010144557; +989128109115; +989128109109 संपर्क करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों को सलाह दी है कि वे अपने संसाधनों का उपयोग करके तेहरान से बाहर निकल सकते हैं, और शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आई है जब इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है और पांचवें दिन दोनों देशों ने एक दूसरे पर हमला किया।

## संक्षिप्त समाचार


### छात्र नेता का एडिशनल डीसीपी और एसीपी से हुआ विवाद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोधपुर में जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास करने वाले जोधपुर के रेजिडेंट डॉक्टर की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। मामले को लेकर परिजन दो दिन से अस्पताल की मॉर्चरी के बाहर धरने पर बैठे हैं। छात्र नेता निर्मल चौधरी भी मौके पर पहुंचे। यहां निर्मल चौधरी, एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी और एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया के बीच टैंट लगाने को लेकर विवाद हुआ। पुलिस अधिकारी और निर्मल चौधरी टैंट लगाने की बात को लेकर उलझ पड़े। इसके बाद अन्य छात्र नेताओं ने बीच बचाव किया। निर्मल और उनके साथ कई छात्र नेता भी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के विधायक अभिमन्यु पूनिया, आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल सहित कई नेता परिजनों को सांत्वना देने के लिए धरना स्थल पहुंचे। इस मौके पर कांग्रेस विधायक और यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा- जोधपुर अस्पताल में ईसीएमएओ मशीन नहीं होने के बावजूद डॉ राकेश बिश्नोई को जयपुर क्यों रेफर किया गया।अभिमन्यु पूनिया ने कहा- उसने मरने से पहले अपने सीनियर डॉक्टर पर गंभीर आरोप भी लगाए लेकर कई दिन बीत जाने के बावजूद उस डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजन जोधपुर के सीनियर डॉक्टर राजकुमार राठौड़ पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।मृतक के भाई सुभाष बिश्नोई का कहना है कि उसके भाई ने डॉक्टर राजकुमार से प्रताड़ित होकर आत्महत्या का कदम उठाया और डॉ. राजकुमार ने उनके भाई को थीसिस पूरी नहीं कराने की धमकी दी थी।

### डोनाल्ड ट्रम्प जी7 समिट छोड़कर अमेरिका रवाना



बढ़ता राजस्थान

**अल्बर्टा (एजेंसी)।** कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रही G7 समिट में इजराइल-ईरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन G7देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समिट को बीच में छोड़कर अमेरिका रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रम्प ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रम्प ने कहा, मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है।

इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। इजराइल-ईरान विवाद- जी7 समिट में इजराइल-ईरान संघर्ष रोकने को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था। कनाडाई न्यूज वेबसाइट का दावा है कि ट्रम्प इस प्रस्ताव पर साइन नहीं करेंगे। उधर, ट्रम्प ने समिट शुरू होने से पहले कहा कि ईरान यह जंग हार रहा है। उन्होंने बात करने में देर कर दी।कनाडा के फ्लैग वाली पिन- समिट में हिस्सा लेने आए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा के झंडे वाली पिन अपने कोट पर लगाई।

### 3410 लोगों को 44 करोड़ की राहत मिली: योजना से आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों का जीवन बदल रहा

**जयपुर (का.स)।** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अवधि पार ब्याज राहत एकमुश्त योजना 2025-26 से भूमि विकास बैंकों के अवधि पार ऋणियों को खासी राहत मिली है। योजना के अंतर्गत 3,410 ऋणी सदस्यों की ओर से 33 करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से 44 करोड़ रुपए की राहत प्रदान की जा चुकी है। इसके चलते आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों का जीवन बदल रहा है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया- योजना के पात्र सदस्यों की ओर से अवधि पार ऋण का केवल मूल धन चुकाने पर राज्य सरकार की ओर से अवधि पार ब्याज में शत प्रतिशत राहत दिए जाने का प्रावधान है। राज्य सरकार की ओर से 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के कुल 30,010 ऋणी सदस्य योजना के तहत राहत के पात्र हैं।

## हाथों में जैकेट, गले में शॉल, कनाडा में मोदी का भौकाल

### खालिस्तानियों के गढ़ में भारत के प्रधानमंत्री का ये रौद्र रूप

बढ़ता राजस्थान

**टोरंटो (एजेसी)।** पीएम मोदी के इस समिट में शामिल होने से जहां एक तरफ पाकिस्तान को एक तरफ मिर्ची लग रही है तो वहीं दूसरी तरफ खालिस्तानी भी बौखला गए हैं। इसलिए उन्होंने पीएम मोदी को धमकी दी है। इतना ही नहीं पीएम मोदी के दौरे के बीच खालिस्तानियों ने रोड शो भी निकाल लिया और जमकर देश विरोधी नारे लगाए। खालिस्तानी चरमपंथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ़ प्रदर्शन करने के लिए अल्बर्टा के कनानास्किस में एकत्र हुए।

एक तरफ जहां जी7 देशों का शिकर सम्मेलन कनाडा में हो रहा है। जहां दुनियाभर के बड़े नेताओं का जमावड़ा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ चरमपंथियों का फेवरेट डिस्टिनेशन बन चुके कनाडा की सड़कों पर खालिस्तानी भारत विरोधी गतिविधियां करते नजर आ रहे हैं। वो पीएम मोदी को धमकी देते और भारत विरोधी रैली निकाल रहे हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान जब कनाडा के रॉकीज में स्थित रिसॉर्ट कनानास्किस में जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए कैलगरी में लैंड किया। मोदी का कैलगरी हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त चिन्मय नाइक भी उनका स्वागत करने वालों में शामिल थे। इस दौरान वहां से आई तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पीएम मोदी जब कनाडा में अपने प्लेन से नीचे उतरते हैं तो उनके हाथों में जैकेट और गले में शॉल नजर आता है। इस दौरान वो उन्हें रिसीव करने आए लोगों से अभिवादन करते नजर आते हैं। खालिस्तानी चरमपंथियों की धमकी और खुलेआम भारत विरोधी रैली के बाद कनाडा की जमीन पर पीएम मोदी का अलग ही स्वैग नजर आता है।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

पीएम मोदी के इस समिट में शामिल होने से जहां एक तरफ पाकिस्तान को एक तरफ मिर्ची लग रही है तो वहीं दूसरी तरफ खालिस्तानी भी बौखला गए हैं। इसलिए उन्होंने पीएम मोदी को धमकी दी है। इतना ही नहीं पीएम मोदी के दौरे के बीच खालिस्तानियों ने रोड शो भी निकाल लिया और जमकर देश विरोधी नारे लगाए। खालिस्तानी चरमपंथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ़ प्रदर्शन करने के लिए अल्बर्टा के कनानास्किस में एकत्र हुए।

## इसरायल ने झूठ बोलकर ईरान पर किया अटैक?




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उल्लेखनीय रूप से यह भिन्नता यह भी बता सकती है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस दृढ़ रुख के बावजूद कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते अमेरिका ने अभी तक इजरायल के आक्रमण में सीधे तौर पर भाग क्यों नहीं लिया है। जबकि अमेरिका राजनयिक और सैन्य सहायता प्रदान करना जारी रखता है, लेकिन उसने अभी तक हवाई अभियान में शामिल होने से परहेज किया है।संयुक्त राज्य अमेरिका के नए खुफिया आकलनों से पता चलता है कि वाशिंगटन और तेल अवीव ईरान के परमाणु खतरे की तात्कालिकता को किस तरह देखते हैं, इसमें महत्वपूर्ण अंतर है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ईरान को परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल करने में कम से कम तीन साल का समय लग सकता है - सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह इजरायल के उस दावे के विपरीत है जिसमें उसने कहा था कि तेहरान परमाणु हथियार बनाने से बस कुछ ही महीने दूर है। इजरायल ने इस मंडराते खतरे को अपने मौजूदा सैन्य अभियान को शुरू करने के लिए प्राथमिक औचित्य के रूप में उद्धृत किया, जिसका कोड नाम %राइजिंग लायन% है, जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। हालांकि, ताजा अमेरिकी आकलन सहयोगियों के बीच बढ़ते रणनीतिक विभाजन को उजागर करता है, भले ही दोनों परमाणु-सशस्त्र ईरान को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा के साथ गए अवसरवादियों के लिए एनसीपी में कोई जगह नहीं

### भतीजे अजित के साथ गठबंधन पर बोले शरद पवार



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** पिंपरी चिंचवाड़ में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पवार ने संकेत दिया कि वह गांधी, नेहरू, फुले और अंबेडकर की विचारधारा को मानने वालों को साथ लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन अवसरवाद की राजनीति करने वाले किसी भी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे

एनसीपी (सपा) सुप्रीमो शरद पवार ने मंगलवार को अपने भतीजे अजित पवार की अवसरवादी राजनीति पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग सिर्फ सत्ता के लिए भाजपा से जुड़े हैं। पिंपरी चिंचवाड़ में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पवार ने संकेत दिया कि वह गांधी, नेहरू, फुले और अंबेडकर की विचारधारा को मानने वालों को साथ लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन अवसरवाद की राजनीति करने वाले किसी भी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## टिकट देने को लेकर कांग्रेस ने नया फॉर्मूला बनाया

### अब जिला, ब्लॉक, मंडल अध्यक्षों की सिफारिश चलेगी, जानें- कब से होगा लागू



### उदयपुर घोषणा पत्र का फैसला, अब लागू होगा

कांग्रेस ने 2022 में उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में उदयपुर घोषणा पत्र जारी कर संगठन से जुड़े कई फैसले किए थे। उदयपुर घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम वालों को देने की घोषणा की थी। राजस्थान में आगे होने वाले स्थानीय चुनावों से इसे लागू किया जा रहा है। कांग्रेस ने संगठन से जुड़े फैसलों को फेज मैनर में लागू करने की घोषणा की थी। स्थानीय चुनावों के बाद इसी फॉर्मूले को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी लागू करने की बात कही गई थी।

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कांग्रेस अब आगे होने वाले पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट युवाओं को देगी। इनमें 50 साल से कम उम्र वालों को टिकट देने का फैसला किया है। कांग्रेस हाईकमान के आदेशों के बाद राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ने इस पर काम शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेताओं को ग्राउंड में नए युवाओं और नेताओं को छांटकर उन्हें चुनावी राजनीति के लिए तैयार करने का टास्क सौंपा है। टिकट बांटने का पुराना फॉर्मूला बदलने का भी फैसला किया है।विधानसभा, लोकसभा से लेकर स्थानीय निकाय और पंचायतीराज चुनावों में उम्मीदवार तय करने में अब जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की राय भी मायने रखेगी। टिकट बंटवारे में जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों का फीडबैक लिया जाएगा। केवल प्रदेश लेवल के बड़े नेताओं की राय से ही टिकट तय नहीं होंगे। अब तक प्रदेश चुनाव समिति में शामिल नेता ही टिकटों पर फैसला करते रहे हैं।

शहरी निकायों में पार्षद के साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद सभापति, मेयर के चुनाव होते हैं। पंचायतीराज संस्थाओं में जिला प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, सरपंच और वार्ड पंच चुने जाते हैं। सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव अभी राजनीतिक दलों के सिंबल पर नहीं लड़े जाते हैं, बाकी सभी के चुनाव सिंबल पर होते हैं।

### वन स्टेट-वन इलेक्शन के कारण अभी चुनावों में देरी

सरकार ने वन स्टेट-वन इलेक्शन के तहत सभी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव एक साथ करवाने की घोषणा कर रखी है। करीब 7000 पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रशासक लगाए जा चुके हैं। शहरी निकायों में भी प्रशासक लगे हैं। सरकार इस साल के अंत तक निकाय चुनाव करवा सकती है। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव अगले साल तक हो सकते हैं। निकाय और पंचायतीराज चुनावों में देरी को लेकर हाईकोर्ट में याचिका पेंडिंग है।

### डोटासरा बोले- 50 प्रतिशत टिकट युवाओं को देंगे

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- चुनावों के टिकट वितरण में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की प्रमुख भूमिका रहेगी। हम स्थानीय निकाय और पंचायतीराज चुनावों में इस बार से 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के युवाओं को देंगे। हमें कांग्रेस हाईकमान से इसके निर्देश मिले हैं, जिनकी पालना होगी।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशियों की मौत, प्रशासन ने ली मौका स्थिति की रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ढाणी पारोड़ा वाली में मंगलवार दोपहर शाम करीब चार बजे मेघ गर्जना के साथ हुई बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से एक पशुपालक के चार पशुओं की मौत की खबर आई है। प्राप्त सूचना के अनुसार, रमेश पुत्र राम करण मीणा (35) ढाणी पारोड़ा वाली ने बताया कि दोपहर पश्चात आई बारिश के दौरान वे मकानों के बरामदे में बैठे थे, तभी कुछ देर बाद अचानक बिजली गर्जने की आवाज के साथ तेज आवाज आई। बिजली गिरने से मकानों के सामने करीब 100 मीटर दूर पेड़ के नीचे बंधी एक पाड़ी समेत तीन भैंस चपेट में आकर मर गई। शहतूत का पेड़ भी बिजली गिरने से फट गया। मृतक भैंसों का करीब चार लाख रुपये का आंकलन किया गया है। घटना की सूचना पर पशुधन निरिक्षक संजय कुमार शर्मा और प्रागपुरा थाना पुलिस ने मौका स्थिति की रिपोर्ट ली है। पशुधन निरिक्षक संजय कुमार शर्मा और उनकी टीम ने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया और आवश्यक कार्रवाई की।

सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने इस घटना पर शोक जताया है और प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान करने की मांग की है। बलवंत मीणा ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से हुई इस घटना में पीड़ित परिवार को प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है और वे खेती व पशुओं पर निर्भर है। इस घटना से परिजनों को काफी नुकसान हुआ है और वे सदमे में हैं। लोगों ने प्रशासन से हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की है ताकि वे इस मुश्किल समय से निकल सकें।

# अल्पसंख्यक समुदाय के व्यावसायिक एवं शिक्षा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 17 जून को अजमेर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री नितेश कुमार जैन ने बताया कि राजस्थान वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड जयपुर द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के आर्थिक एवं शैक्षिक उन्नयन के लिए प्रदत्त व्यावसायिक एवं शैक्षणिक ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में वर्ष 2025-26 हेतु आमंत्रित किए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक वर्ग मुस्लिम जैन, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी के व्यक्तियों (उम्र 18 से 54 वर्ष) व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए एवं विद्यार्थी शैक्षणिक ऋण के लिए (उम्र 16 से 32 वर्ष) आवेदन कर सकते है। व्यवसाय ऋण हेतु कौशल प्रशिक्षण, आईटीआई, शिल्पकार, हथकरघा वाले अनुभवी आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार कर कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में जमा करा सकते है। प्रमुख दस्तावेजों में अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, समस्त स्त्रोत से परिवार की वार्षिक आय का प्रमाण-पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, व्यवसाय स्थल का स्वामित्व एवं किरायानामा, डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं गारंटर संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शिक्षा ऋण हेतु समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अंकतालिका, वर्तमान अध्ययनरत प्रमाण पत्र, संबंधित विश्वविद्यालय का पंजीयन एवं मान्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, जमा कराई गई फीस की सभी रसीदें आदि ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपलोड होना अतिआवश्यक है।

# पावटा बस स्टैंड चोरी मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में ग्रामीणों दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पावटा मुख्य बस स्टैंड पर एक महिला के बैग से की गई चोरी के मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में मंगलवार को सर्व समाज के लोग प्रागपुरा थाना पहुंचे ओर घटनाक्रम के खुलासे की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस थाने पर प्रदर्शन भी किया ओर उन्होंने बुधवार को प्रात 09 बजे प्रागपुरा थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पूर्व जिला पार्षद धूडसिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण किशन लाल गुरुजी, महेन्द्र सिंह, बिशन सिंह, धर्मपाल सिंह, कंवरपाल सिंह, करतार सिंह, हंसराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भवानी सिंह, राजेन्द्र सिंह आधाली व बलबीर सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 16 जून को रवीना कंवर नामक महिला के बैग से पावटा बस स्टैंड से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज चोरी हो गए थे। ग्रामीणों के अनुसार, चोरी की वारदात के तुरंत बाद दो संदिग्ध महिलाओं को मौके पर पकड़ा भी गया था, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पुलिस की इस उदासीनता से क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थाने द्वारा लगातार मामलों को दबाया जा रहा है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। इसी के चलते ग्रामीण 18 जून को सर्व समाज के लोगों के साथ एकजुट होकर प्रागपुरा थाने का घेराव करेंगे और जल्द कार्रवाई की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि आरोपियों पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज ने अहमदाबाद हादसे का शिकार हुए लोगों के लिये मांगलिक व शांति पाठ का किया वाचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर मा सा आदि ठाणा ने आज चित्रकूट नगर स्थित रसिक लाल माणिकलाल धारीवाल पब्लिक स्कूल में उद्बोधन दिया। इस अवसर पर आचार्यश्री ने स्कूल के शिक्षकों, विद्यार्थियों, ट्रस्टी गणों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए बच्चों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में एवं बड़ी कक्षाओं में विषयों के चयन के लिये बच्चों को स्वतंत्रता दी जानी चाहिये,उन पर अपनी मर्जी नहीं थोपनी चाहिये। मुख्य प्रबंधक गजेन्द्र भंसाली, चतुर, राजीव सुराणा, कुलदीप नाहर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अहमदाबाद विमान हादसे में मोदी परिवार के लाडले पुत्र एवं पुत्री को खोने वाले मोदी परिवार एवं ननिहाल परिवार से डागा परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे। श्रृद्धांजलि सभा में नवकार मंत्र जाप करने के पश्चात गुरुदेव ने मांगलिक व शांति पाठ वाचन किया एवं संवेदना व्यक्त की।

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई : फतेह सिंह मीणा के ठिकानों पर छापेमारी

बढ़ता राजस्थान





**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को एसीबी की टीमों ने पावटा समेत जयपुर, अलवर, शाहपुरा, कोटपूतली और विराटनगर सहित कुल 8 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत के बाद की गई। एसीबी के जांच अधिकारी ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि सूत्रों और गोपनीय सत्यापन से पता चला कि फतेह सिंह मीणा ने राजकीय सेवा में नियुक्त होने से अब तक 273 प्रतिशत आय से अधिक संपत्तियां अर्जित की हैं। छापेमारी के दौरान एसीबी टीम को बैंक पासबुक, ज्वेलरी की रसीदें, प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन पेपर और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज भी मिले हैं। इन सभी दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा जगतपुरा जयपुर में दो लग्जरी फ्लैट खरीदना, नीमकाथाना में 1.05 हेक्टेयर भूमि खरीदना, और अलवर के रघुनाथसर में करीब 15 बीघा जमीन खरीदी गई है। इसके अलावा जयपुर में फार्म हाउस डेवलप करके 80 लाख रुपये की बेनामी संपत्ति में निवेश करने के आरोप हैं। फतेह सिंह मीणा पूर्व में दिल्ली पुलिस में कार्यरत थे, बाद में राजस्थान में ईओ बने। वह कोटपूतली, सवाई माधोपुर, जैसलमेर सहित कई नगर पालिकाओं में कार्यरत रहे। उन्हें पूर्व में जैसलमेर में पेट्रोल पंप नक्शे के एवज में 20 लाख रुपए मांगने की शिकायत पर मुख्य सचिव ने एपीओ किया था। फतेह सिंह मीणा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसीबी अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि मामले में और भी नाम सामने आ सकते हैं, जो इस संपत्ति के लेनदेन में शामिल रहे हैं।

# नि:शुल्क भोजन सेवा समिति ने धानमण्डी थाने में लगाया वाटरकूलर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जल ही जीवन है इस प्रकल्प को ध्यान में रखकर आमजन को भयंकर गर्मी से परेशानी से राहत देने के लिए नि:शुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान ने शहर के बीचो-बीच धानमंडी थाना के अंदर जल की आपूर्ति के लिए एक वाटर कूलर लगाया। इस वाटर कूलर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना अधिकारी गाजबीर सिंह और सहायक पुलिस निरीक्षक बिहारीलाल ने अपने कर कमलो से वाटर कूलर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गजवीर सिंह ने बताया धानमंडी थाने के बाहर खुले स्थान पर गांव से आने जाने वाले ग्रामीणों की आवक अधिक होने से इस जल का सदुपयोग हो पायेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान ने वाटर कूलर लगाकर बड़ा नेक परोपकार का कार्य किया है मुझे भी इस नेक कार्य में जुड़ने का मौका मिला। इसके लिए मैं नि:शुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। मुझे भी आज एक ऐसे कार्य करने का मौका मिला। इस अवसर पर एएसआई बृजलाल ने संस्थान की प्रंशसा करते हुए बताया कि संस्थान को एक छोटे से शब्दों में शीतल जल की व्यवस्था करने को बताया और मेरी आशा के अनुरूप संस्थान ने वाटर कूलर लगाकर सभी के प्रति उपकार कर दिया। मैं अपने आप पर बड़ा गर्व करता हूं कि मुझे ऐसे नेक कार्य करने का सौभाग्य मिला है। संस्थान ने आमजन की समस्या को लेकर मेरी एक छोटी बात को मान रखते हुए इस नेक सेवा कार्य को क्रियान्वित रूप दिया। इसके लिए मैं आभारी हूं। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष केदारनाथ दाधीच और महासचिव महावीर नागदा ने इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार सचदेव ने बताया कि थाना परिवार के कैलाश




चंद्र, विष्णु प्रजापत, बंशीलाल, भगवान लाल, चंद्रदीप, अल्पमानी, सूरत, पवित्री, चंद्रावती एवं संस्थान के उपाध्यक्ष तुषार माली, सोनू , रमेश , प्रक्षाल सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

# सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस व डीएसटी टीमने ऑपरेशन स्मेक आउट के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने भरतपुर के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 4 किलो गांजा बरामद किया गया है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, आरोपी की पहचान भरतपुर जिले के परसवाड़ा निवासी पंकज जाट के रूप में हुई है। पुलिस टीम जब कलसाड़ा से महू रोड पर गश्त कर रही थी, तब एक स्कूटी सवार व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह रास्ता बदलने लगा। इस पर पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली। स्कूटी की जांच में एक प्लास्टिक के कट्टे में 3 किलो 993 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और इसकी तस्करी में इस्तेमाल की गई स्कूटी को जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपी से गांजा की तस्करी और सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा और डीएसटी टीम प्रभारी देवेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने काम किया। टीम में सदर थाना के एएसआई रजन लाल, संजय कुमार, प्रधान, शिवसिंह, श्याम सिंह, अमोल और डीएसटी से आकाश सोलंकी, धर्मवीर सिंह व रवि सिंह शामिल थे।

# अरविन्द जारोली सहित उदयपुर के 8 प्रतिनिधि बीएसएनएल की दूरसंचार सलाहकार समिति में सदस्य नामित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत की अनुशंसा पर उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के आठ प्रतिनिधियों को बीएसएनएल की दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) में सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ने उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत को भेजे पत्र में आठ प्रतिनिधियों का उल्लेख करते हुए शुभकामनाएं दी है। सांसद रावत की अनुशंसा पर टीएसी के सदस्य के रूप में नामित प्रतिनिधियों में अरविंद जारोली, मनोज कपूर, अनिल सिंघल, जयदीप कुमार जैन, तिलक भगोरा, अर्चना शर्मा, नाहर सिंह देवडा व सपना कुर्डिया के नाम शामिल है। सांसद डॉ रावत ने



सभी नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दी है और आशा व्यक्त की है कि दूरसंचार से संबंधित जनसमस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रीत करेंगे तथा अधिकारियों को अवगत करवाकर उनका निवारण करवाएंगे। सदस्यों को जनता से सुझाव भी प्राप्त कर अधिकारियों से साझा करने का अनुरोध किया है।

# उदयपुर की समिष्टा और दिव्या ने चौथा कियो नेशनल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उत्तराखंड के देहरादून में अयोजित 5 दिवसीय चतुर्थ कियो नेशनल कैडेट-जूनियर और सब जूनियर कराटे चौंपियनशीप-2025 प्रतियोगिता में उदयपुर की बेटियों ने दो कांस्य पदक जीत के उदयपुर का नाम रोशन किया।उदयपुर जिला के जनरल सेक्रेटरी और एक्सएमए राजस्थान के टेक्निकल डायरेक्टर संजू सिंह ने बताया की देहरादून में कल सम्पन्न राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उदयपुर की क्रेडिट क्रांतिकारी (14/15) में समिष्टा गहलोत और सब जूनियर क्रांतिकारी दिव्या (-14) में कांस्य पदक जीता। विजेता खिलाड़ियों का आज प्रात:राणा प्रताप नगर स्टेशन पंहुचने पर एवं बाद में उदयपुर जिला के हेड ऑफिस पंहुचनें पर जोदार स्वागत किया गया। उदयपुर के सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसिडेंट भरत शर्मा और जनरल सेक्रेटरी संजीव कुमार जांगड़ा ने शुभकामनाएं दी। इंडियन कराटे टीम के कप्तान अनिकेत गुप्ता और दीपिका दीवान एक्सएमए मार्शल आर्ट अकेडमी इंडिया के टेक्निकल



डायरेक्टर अख्तर और दमन,नवीन, राज संचु और समस्त एक्सएमए में परिवार इंडिया और राजस्थान के जनरल सेक्रेटरी अनिल कल्याण के उदयपुर पहुंचने पर उदयपुर जिला से पंकज चौधरी, नीलम मणि, तपन एवं समस्त उदयपुर जिला परिवार एवं एक्सएमए परिवार राजस्थान से पार्थ वेद, कमलेश सेन, आदित्य सिंह, निमिषा कुमावत, मिहिर गर्ग, मनन पटेल, खिलाड़ियों के माता-पिता ने भव्य स्वागत किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के भिन्न-भिन्न जिलों से करीबन 109 खिलाड़ियों ने भाग लिया और पूरे भारतवर्ष से 30 राज्य से 2400 खिलाड़ियों ने भाग लिया था,जिसमें उदयपुर ने दो कास्यं पर कब्जा जमाकर उदयपुर का नाम रोशन किया। राजस्थान टीम कोच संजू सिंह उदयपुर से, रमेश सैनी सीकर से विशाल राणा जयपुर से इनके अलावा असिस्टेंट कोच भी हैं। राजस्थान के रेफरी/जज के रूप में निमाई हालदार, ललित बैरागी शामिल हुए थे।

## समर्थ सामरिया को मिली अजमेर जिला अध्यक्ष की कमान

# संगठन हित में कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता : समर्थ समरिया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के कैरोट निवासी समर्थ सामरिया को अजमेर जिला अध्यक्ष बनने पर समस्त साथियों ने हर्ष उल्लास के साथ बधाई और शुभकामनाएं दी और सांमरिया के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अजमेर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत मीणा ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केकड़ी के राजकीय जिला चिकित्सालय में मानव संसाधन विभाग के प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे समर्थ सामरिया को संगठन का अजमेर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन ने यह नियुक्ति सामरिया के दीर्घकालिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए की है। सामरिया की नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया है। कर्मचारियों के हितों की करेंगे रक्षा- अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष समर्थ सामरिया ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि प्रदेशाध्यक्ष ने मुझ पर यह विश्वास जताया है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी तरह सत्य व निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि अजमेर जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं को समझना, उनके समाधान के लिए प्रयास करना और उनके हितों की रक्षा करना मेरा पहला लक्ष्य होगा। संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ इन वर्गों के लोगों



को उनके अधिकारों और योजनाओं के प्रति जागरूक करने का काम भी किया जाएगा।

# कोतवाली थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

## आरोपी से 8 किलोग्राम गांजा और एक बाइक बरामद की




बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

ारोपी से 8 किलोग्राम 156 ग्राम गांजा और एक बाइक बरामद की गई है।कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने मनेमा का पुरा तिराहा जलसेन के पास नाकाबंदी की। इस दौरान मनेमा के पुरा की तरफ से एक बाइक आती दिखी। बाइक पर पीछे प्लास्टिक का एक कट्टा बंधा था। चालक पुलिस की जीप देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाजिम खान बताया। वह धौलपुर जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र के सराय गजरा कोठी का रहने वाला है। जांच में प्लास्टिक के कट्टे से गांजा बरामद हुआ। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद, एएसआई बच्चू सिंह समेत पुलिस की टीम और डीएसटी टीम प्रभारी देवेश कुमार की टीम शामिल थी। डीएसटी टीम के पालवेन्द्र, अमीर और सतेन्द्र अवस्थी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# अवैध खनन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर ( नि.स. )।** ग्राम पंचायत खिरिया के चारागाह भूमि मे अवैध खनन करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर आज ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा। वहीं किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत खिरिया के गोचर भूमि में अवैध खनन कर लोग ट्रैक्टर जेसीबी की मदद से खुदाई कर खेतों में पीली मिट्टी डाल रहे हैं। और गोचर भूमि को बड़े बड़े गड्ढे कर गोचर भूमि को बिगाड़ हैं।ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर जब अवेध खनन करने से मना किया तो अवैध खनन माफिया दादागिरी करने पर उतारू हो गया।ओर कहने लगा की मेरे पास बहुत पैसे तुम ग्रामीण मेरा कुछ नही बिगाड़ सकते हो। ग्रामीणों के मना करने के बाद भी तीन से चार लाख रुपए की पीली मिट्टी चरागाह भूमि से खुदाई कर खेतो डाली जा चुकी है। इसलिए



आज हम अवैध खनन करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचे हैं। खेतों मे डाली गयी मिट्टी वापस चरागाह भूमि मे डलवाई जा सके।

# जिला प्रशासन के प्रयासों से मंदिर ठिकाना श्री गलता जी परिसर का हुआ कायाकल्प : जिला प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने मंदिर ठिकाना श्री गलता जी में विकास कार्यों का लिया जायजा

- वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत किया श्रमदान, गंगा पूजन एवं गंगा आरती
- आमागढ़ अभ्यारण्य एवं जग्गा की बावड़ी में भी जल संरक्षण विकास कार्यों का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से आमजन की आस्था का केन्द्र मंदिर ठिकाना गलता जी परिसर का कायाकल्प हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में काफी विस्तार हुआ है साथ ही साफ-सफाई, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के चलते परिसर में मंदिर ठिकाना श्री गलता जी परिसर की अनुपम छटा की सहज अनुभूति होती है। जिला प्रशासन द्वारा करवाये गए विभिन्न विकास कार्यों का ही परिणाम है कि आज इस तीर्थ स्थल की तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है। यह कहना है जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को मंदिर ठिकाना श्री गलता जी में विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गलता जी मंदिर के दर्शन किये एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने ऋषि गालव कुंड में श्रमदान किया वहीं, उन्होंने पवित्र कुंड पर गंगा पूजन एवं गंगा आरती में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और हरियालो राजस्थान अभियान की सफलता की कामना की। इस मौके पर नगर निगम हैरिटेज की महापौर श्रीमती कुसुम यादव भी मौजूद रहीं।आयोजन स्थल पर उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जल संरक्षण एवं जल संचयन की लिए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज किया है। राज्य सरकार राजस्थान को जल स्वावलंबी बनाने के लिए कृत संकल्पित है इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का यह अभियान भागीरथी एवं ऐतिहासिक फैसला साबित होगा। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने आरटीडीसी गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा मंदिर ठिकाना श्री गलता जी में किये जा रहे विकास कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया। इस दौरान श्री जोगाराम पटेल ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।



बैठक में आयुक्त नगर निगम जयपुर ग्रेटर श्रीमती रुक्मणी रियार, आयुक्त जयपुर नगर निगम हेरिटेज श्री अरुण कुमार हसीजा, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन की समय रहते समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने आमगढ़ अभ्यारण्य एवं जग्गा की बावड़ी में भी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल स्त्रोतों पर हुए विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेड़ों पर परिंडे बांधे एवं अधिकारियों से वन्य पर्यटन की संभानाओं को लेकर चर्चा की।



# स्काउटिंग अनुशासन और सेवा का प्रतीक, बालकों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है : राजेन्द्र सिंह यादव

## ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर निरन्तर जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में संचालित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में मंगलवार को पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्थानीय संघ के एडीसी एवं सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा ने बताया कि इस अवसर पर स्थानीय संघ कोटपूतली के स्काउट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर यादव का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर यादव को स्कार्फ पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि स्काउटिंग केवल एक शारीरिक या सामूहिक गतिविधि नहीं, यह जीवन मूल्यों की पाठशाला है। यह बच्चों में नेतृत्व, अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करता है। आज के बालक यदि स्काउटिंग की भावना को जीवन में उतार लें, तो भविष्य में देश को संस्कारी, समर्पित और सक्षम नागरिक मिलेंगे। यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविरों से बालकों को आगे बढ़ने का मंच मिलता है, यह समाज के लिए अत्यंत सराहनीय प्रयास है। शिविर संचालक अतुल कुमार आर्य ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया कि शिविर में डांस, सिलाई, मेंहदी, ब्यूटीशियन, हारमोनियम, जूडो-कराटे जैसी अनेक अभिरुचि आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनमें बालकों की सहभागिता व सीखने की ललक अनुकरणीय है। विशिष्ठ अतिथि शिविर निदेशक एवं प्राचार्य मनोरमा यादव ने कहा कि यह शिविर बालकों के व्यक्तित्व विकास का माध्यम है, जहां वे ना केवल कौशल सीखते हैं बल्कि आत्मविष्वास भी अर्जित करते हैं।

स्रोवर अनमोल गोयल को राज्य स्तरीय ट्रैकिंग कम शैक्षणिक भ्रमण तमिलनाडु में कोटपूतली स्थानीय संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेष रूप से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। उनके इस योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्काउटिंग का प्रेरणा स्त्रोत बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यादव द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को स्टील वॉटर बोतल प्रदान की गई और फल वितरण भी किया गया। यादव ने सभी अभिरुचि प्रदर्शन देखने के बाद बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय संघ के सचिव रामवीर यादव ने किया। आभार प्रदर्शन पूर्व सचिव हरसहाय गुर्जर द्वारा किया गया।

इस अवसर ट्रेनिंग काउंसलर सीताराम गुप्ता, संदीप जांगिड, सुरेन्द्र सैनी, दिग्विजय शेखावत, पप्पू यादव, शबनम, फरहीन, राजकुमार पालीवाल सहित दक्ष प्रशिक्षक, स्थानीय संघ के पदाधिकारी व संभागी उपस्थित रहे। शिविर का यह आयोजन ना केवल बालकों के लिए ज्ञान और कौशल का संगम बना, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्यबोध और अनुशासन की भावना को भी पुष्ट करता दिखाई दिया।

# महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की हुई समीक्षा

## मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर-चतुर्थ श्री देवेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सक्षम जयपुर अभियान, जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र योजना, तेरे-मेरे सपने विवाह पूर्ण संवाद केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर, महिला हेल्पलाईन 181, राजस्थान डायन प्रताडना निवारण योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना के क्रियान्वयन एवं समीक्षा की गई। बैठक में महिला अधिकारिता के उपनिदेशक बैठक में डॉ राजेश डोगीवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

बैठक में पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में डॉ राजेश डोगीवाल,उपनिदेशक ,महिला अधिकारिता द्वारा सभी उपस्थित अधिकारीगण को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जोन-13 में जेडीए ने 8 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया, 9 बीघा पर बनीं 3 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में सीकर रोड स्थित न्यू ट्रांसपोर्ट नगर योजना की लगभग 8 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही निजी खातेदारी की करीब 9 बीघा कृषि भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन कॉलोनियों को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। जोन-3 के अन्तर्गत आनंद विहार योजना में भी सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाया गया।

**नहर भूमि पर अवैध कब्जे हटाए गए :** ग्राम गिलकी नांगल, नायला रोड, कानोता में नहर की लगभग 400 मीटर लंबी सरकारी भूमि पर अवैध रूप से ग्रेवल सड़क बनाकर कब्जा किया गया था, जिसे जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त किया गया। ग्राम हरध्यानपुरा में अवैध कॉलोनी 'राजेन्द्र नगर' का निर्माण विफल

करीब 5 बीघा कृषि भूमि पर बिना जेडीए की स्वीकृति या भू-रूपांतरण के राजेन्द्र नगर नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। बाउंड्री वॉल, टिनशेड कोठरी, ईंटों के ट्रीगार्ड और अन्य निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया।

**अन्य अवैध कॉलोनियां भी ध्वस्त :** ग्राम गिलकी नांगल, नायला रोड, कानोता में 2 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित करने का प्रयास विफल किया गया। ग्राम बस्सी (खसरा संख्या 2858/2132) में 2 बीघा कृषि भूमि पर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़क, नींव निर्माण आदि को हटाया गया। जोन-3 के लालकोठी क्षेत्र में आनंद विहार योजना के भूखंड संख्या-20 के सामने 4 फीट ऊंची दीवार को ध्वस्त कर सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

**कार्रवाई का संचालन :** इन सभी कार्रवाइयों का संचालन मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन (द्वितीय व चतुर्थ), प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 और जोन-3 तथा राजस्व और तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर किया गया।

**2024-25 में अब तक 1,270 बीघा भूमि मुक्त, 573 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त :** जेडीए द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा एवं वर्ष 2025 में अब तक 453 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला-टोंक)

क्रमांक : का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./ कृ.भू./2024-25/3466 दिनांक : 11.06.2025

प्ररूप - 10

(नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई

**लोक सूचना**

श्री / श्रीमती माया देवी पत्नी ललित, ममता देवी पत्नी मुकुट बिहारी निवासी बी 17 प्रगति पथ बजाज नगर जयपुर लाल कोटी राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक से (आवासीय प्रयोजनार्थ) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा न. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 01 | तह. निवाई जिला टोंक | निवाई | 4726/3, 4742/2, 4726/2 | 1.0496 हैक्टयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्यक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक M/06/2025 को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरीय क्षेत्र निवाई


# वार्ड 32 में बदलाव की बयार, फरीद मोहम्मद बने उम्मीद की नई किरण

## निवाई नगर पालिका चुनाव में उतरे जनसेवक, नेता नहीं जनता का बेटा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई /जयपुर, (का.स.)।** नगर पालिका चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहा है, वैसे-वैसे शहर के विभिन्न वार्डों में राजनीतिक हलचल तेज होती जा रही है। इसी बीच निवाई के वार्ड नंबर 32 में एक नाम तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ता जा रहा है फरीद मोहम्मद। लेकिन यह नाम किसी परंपरागत राजनेता का नहीं, बल्कि एक ऐसे शख्स का है जो खुद को नेता नहीं, वार्ड वासियों का बेटा मानता है। फरीद मोहम्मद ने चुनावी मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है और उनकी उम्मीदवारी से लोगों के बीच उम्मीद और बदलाव की लहर दौड़ गई है।

**जनता से गहरा जुड़ाव, समस्याओं की समझ :** फरीद मोहम्मद सिर्फ़ चुनाव लड़ने नहीं आए हैं, वे लोगों की वर्षों पुरानी समस्याओं को सुलझाने और उनके हक की आवाज़ बनने आए हैं। साफ-सफाई, पानी की कमी, टूटी सड़कें, पेंशन से जुड़ी समस्याएं हों या युवाओं के रोजगार के मुद्दे फरीद ने हर मोर्चे पर वार्ड वासियों की आवाज़ बनने की बात कही है।

**जनता का बेटा, संघर्ष का साथी :** उनकी बातों में राजनीति नहीं, एक सच्चे जनप्रतिनिधि की प्रतिबद्धता दिखाई देती है। वे कहते हैं, मैं जनता से वोट मांगने नहीं, उनका विश्वास जीतने आया हूं। उनकी कार्यशैली और सहज व्यवहार ने उन्हें पहले ही वार्ड के युवाओं, महिलाओं और बुज़ुर्गों का प्रिय बना दिया है।

**बदलाव की तरफ पहला क़दम :** वार्ड 32 की जनता इस बार कुछ अलग, कुछ नया चाहती है। और फरीद मोहम्मद में उन्हें वह सच्चा प्रतिनिधि नज़र आ रहा है, जो न सिर्फ़ उनके बीच रहता है बल्कि उनके साथ खड़ा भी रहता है।नगर पालिका चुनाव में फरीद मोहम्मद की उम्मीदवारी अब सिर्फ़ एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि वार्ड 32 के हर आम आदमी की आवाज़ बन चुकी है।




राजस्थान

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बानसूर

दूरभाष बंबर 01461-294290 (तहसील कार्यालय के पीछे बानसूर) ईमेल: eepwdbansur@gmail.com

क्रमांक 224 दिनांकः- 09-6-2025

**NIT No 04/2025-26**

Bids for 5 work in Kotputli-Behror Distt are invited from interested bidder from 11.06.2025 10:00 Am upto 19.06.2025 03:30 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state and http://pwd.rajasthan.gov.in departmental website. the approximate value of the procurements in 94.95/-Lacs

UBN No :

1. PWD2526WSRCo4101, 2. PWD 2526WSOBO4105, 3. PWD2526WSOBO4104, 4.PWD2526WSOBO4106, 5.PWD2526WSRC04103

DIPR/C/7933/2025

Executive Engineer
PWD Div Bansur


## क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम की शुरुआत

# मरीजों को अब अस्पताल में लम्बी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन (आरडीएचएम) के अन्तर्गत यहाँ के राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय में एबीडीएम कम्पलायंट ऐप आभा के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम की शुरुआत की गई है। पहले मरीजों को अस्पताल में लम्बी कतारों में लगकर ओपीडी पर्ची बनवानी पड़ती थी। लम्बी कतारों से राहत के लिए कोई भी मरीज़ एबीडीएम कम्प्लायंट ऐप (आभा) के माध्यम से अस्पताल का क्यू आर कोड स्कैन कर अपना ओपीडी टोकन जनरेट कर सकता है। टोकन नंबर के अनुसार रोगी पंजीकरण काउण्टर पर जा सकता है और डॉक्टर के परामर्श के लिए सीधे अपनी बाह्य रोगी (ओ.पी.डी) पर्ची ले सकता है। क्योंकि उनका विवरण पहले से ही पंजीकरण काउण्टर पर मौजूद है। इसलिए मरीज को अपना नाम, पता व अन्य विवरण दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं है। इसमें लगने वाला समय अब नहीं लगेगा और मरीज को कतार में ज्यादा समय तक खड़ा रहने की आवश्यकता नहीं होगी। यह पहल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत की गई है। चिकित्सालय के समस्त रजिस्ट्रेशन काउण्टर पर ऑनलाईन पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड लगा दिये गये है। सर्वप्रथम मरीज को अपने मोबाईल पर आभा ऐप डाउनलोड करना होगा। अस्पताल पहुँचते ही ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउण्टर पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। स्कैन के बाद ऐप में अपनी प्रोफाईल साझा करनी होगी। इसके बाद टोकन नंबर प्राप्त होगा और टोकन नं. के द्वारा रजिस्ट्रेशन काउण्टर से अपनी ओपीडी पर्ची प्राप्त की जा सकेगी। यदि किसी भी व्यक्ति के मोबाईल में चिकित्सालय के क्यूआर कोड की फोटो उपलब्ध है तो वह घर बैठे आभा ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड फोटो को अपलोड करते हुए अपना अथवा परिजनों व अन्य किसी भी व्यक्ति का टोकन नं. जनरेट कर सकता है। जनरेट किया गया टोकन केवल 01 घंटे तक ही वैध रहेगा। इस 01 घंटे के समय के दौरान ही काउण्टर से ओपीडी पर्ची प्राप्त हो सकेगी, जिससे मरीज को समय की बचत होगी। इस हेतु चिकित्सालय मे 01 फास्ट ट्रैक रजिस्ट्रेशन काउण्टर भी बनाया गया है।




## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त टोंक

क्रमांक : 648-53 दिनांक:-30/5/2025

**निविदा सूचना संख्या-03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला टोंक में अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य (2 कार्य) हेतु उपयुक्त श्रेणी में उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकारा/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के ए, एए, बी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। पैकेजवाईज यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://rproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

(एच.एल.मीना)
अधीक्षण अभियंता
सा.नि.वि वृत टोंक

## सम्पादकीय

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

आं ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 18 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- औरंगजेब ने 1658 में आगरा के किले पर कब्जा कर लिया।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 को युद्ध शुरू हुआ।
- वाटरलू में ब्रिटेन से हारने के बाद नेपोलियन से 1815 को फ्रांस की सत्ता छीनी गई थी।
- लंदन स्थित टेम्स नदी पर 1817 में बना वाटरलू ब्रिज खोला गया।
- स्पेन ने 1837 में नया संविधान अपनाया।
- इटली में 1923 को माउंट एटना के पुन: जाग्रत होने से साठ हजार लोग बेघर हो गए।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना 1940 में हुई थी।
- डॉ राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में 1946 को गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।
- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को पारित हुआ।
- ब्रिटिश यूरोपीयन एयरवेज़ का जहाज़ 18 जून 1972 को खुले मैदान में जा गिरा और इस हादसे में 118 लोग मारे गए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर एवं सोवियत राष्ट्रपति ब्रेझनेव द्वारा 18 जून 1979 को साल्ट-द्वितीय' समझौते पर वियना में हस्ताक्षर हुए।
- शकुंतला देवी ने 1980 में दो 13 डिजिट के नंबरों का गुणा किया और 28 सेकंड्स में सही उत्तर दे दिया।
- एम.एस.स्वामीनाथन को पहला विश्व खाद्य पुरस्कार 1987 में मिला।
- भारत और पाकिस्तान ने सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच वर्षीय टकराव को समाप्त करने का फैसला किया और अपनी सेना वापस ले ली।
- कोई पूर्ण बहुमत न होने के बावजूद 1991 में कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बन गई।
- बेंगलुरु में 14 वें राष्ट्रीय परिषद की भाजपा ने 1993 में हिंदुत्व को इस दिन शपथ दिलाई।
- प्रकाश पदुकोण ने 1997 में भारतीय बैडमिंटन परिसंघ (आईबीसी) की शुरुआत की कंबोडिया के खमेर रूज के नेता और 20 लाख से ज़्यादा लोगों का हत्यारा माओवादी पोलपोट ने अपना 18 जून 1997 को आत्मसमर्पण किया।
- 35 यूरोपीय देशों के बीच 1999 को लंदन में पेयजल समझौते पर हस्ताक्षर,लातविया में 1999 को वाइके फ़्रेबरेमा को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया।
- लंदन में पेयजल समझौते पर 1999 को हस्ताक्षर।
- तालिबान ने 2001 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के ख़िलाफ़ लादेन का फ़तवा रद्द किया।
- गूगल ने 2003 को इंटरनेट प्रोग्राम एडसेंस को लांच किया।
- चाड के सैनिकों ने 18 जून 2004 को 69 सूडानी मिलिशियाई को मार गिराया।
- भारत सरकार ने 2008 को गुर्जरों को ओबीसी कोटे में 5% आरक्षण देने की घोषणा की।
- भारत यात्रा पर आये सीरिया के राष्ट्रपति बशहर अल असद और प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बीच 2008 को तीन समझोते पर हस्ताक्षर हुए।
- फ़ार्मा कम्पनी रैनबैक्सी ने अमेरिका फ़ार्मा कम्पनी फ़ाइजर के साथ पेटेंट विवाद को 2008 को एक समझौते के तहत सुलझाया।
- वियतनाम ने 2008 में विश्व बाज़ार में आपूर्ति की स्थिति में सुधार के लिए चावल के निर्यात पर लगी पाबंदी हटाई।

## विशेष आलेख

# भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर क्यों जब आपदा आई और बाबा ऑफलाइन थे

**जो लोग दावा करते हैं कि उनका ऊपर वाले से सीधा संपर्क है, वे हर बड़ी आपदा, दुर्घटना या संकट के समय चुप क्यों हो जाते हैं? क्या उनका दिव्य नेटवर्क केवल चढ़ावे और चमत्कार तक सीमित है? यह लेख उन कथित भविष्यवक्ताओं की खोखली घोषणाओं, अंधभक्ति पर टिकी दुकानदारी और समाज में वैज्ञानिक सोच की कमी पर तीखा व्यंग्य है। समय आ गया है कि हम धर्म और अंधविश्वास के बीच का फर्क समझें, और सवाल पूछना सीखें—वरना बाबा तो ऑनलाइन रहेंगे, लेकिन जनता ऑफलाइन ही मरती रहेगी।**




प्रियंका सौरभ

वो जो कहते हैं, ऊपर वाल स सीधा संपर्क है, उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर अदृश्य शक्ति भी Caution बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज़ चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियाँ, या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं—ना कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं। ये वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर, और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आँखें मूँदकर बड़े भावुक अंदाज़ में कहते हैं—बेटा, तेरा समय बदलने वाला है, तू अगले जन्म में साधु बनेगा, या तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है—तो ये संत, साधु,भविष्यवक्ता नदारद होते हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई दिव्य दृष्टि है, तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतनाएँ सिर्फ प्रेम विवाह के उपाय, दुश्मन को वश में करने की विधि या विदेश यात्रा कब होगी जैसे प्रश्नों तक ही सीमित हैं? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?

हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियाँ बटोरीं- इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की ख़बर तक नहीं मिलती! यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस औद्योगिक प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है। आजकल हर गली-मोहल्ले में एक बाबा ब्रांड है—किसी का टैगलाइन है भाग्य बदलिए, तो कोई कहता है समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को ईश्वर का अवतार घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब अवतारअंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर प्रेस नोट चस्पा कर दिया जाता है—बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें। विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूर्वानुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं हृष्ठक्रन्न या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है—इनकी भविष्यवाणी एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी, जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है। दुख की बात यह है कि ये बाबा और गुरु, आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी जेनरिक होती है—अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, देश में बड़ी घटना होने वाली है, भूकंप या महामारी की संभावना है—अब ज़रा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह वाटरप्रूफ भविष्यवाणी होती है—गलत हुई तो कहा जाएगा तुम्हारी श्रद्धा कम थी, सही हुई तो देखा, बाबा ने पहले ही बताया था! बाजार ने भी इन बाबाओं की दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग ज़्यादा होती है। कोई बाबा यूट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है, कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहाँ विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक ज़रूरत है, वहाँ संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी बाबा की फेसबुक लाइव पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक कॉरपोरेट माया बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है। भविष्यवाणी की आड़ में जो व्यावसायिक ढांचा खड़ा हुआ है, वह न केवल जन-संवेदनाओं से खिलवाड़ करता है, बल्कि आपदा के समय नागरिकों को दिग्भ्रमित भी करता है। जब किसी नदी में बाढ़ आती है, तो हृष्ठक्रू और मौसम विभाग तो चेतावनी जारी करते हैं, लेकिन भगवा पोशाकधारी बाबा लोग चुप रहते हैं। जब ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तब न तो किसी ज्योतिषी का वीडियो वायरल होता है, न ही कोई भविष्यवक्ता ग्रीन रूम से बाहर आता है। सवाल यह भी है कि इनका सीधा संपर्क किससे है? क्या वह संपर्क केवल उन्हीं दिनों काम करता है जब दस लाख का यज्ञ, एक करोड़ का चढ़ावा, या विशेष पूजा आयोजित की जाती है? क्या ईश्वर को संपर्क में लाने के लिए भी डेटा पैक रिचार्ज कराना पड़ता है? यह कटाक्ष नहीं, कटु सत्य है कि धार्मिक विश्वास अब एक टेलीकॉम योजना जैसा हो गया है—पैसा दो, नेटवर्क भरोसेमंद होगा। एक आम नागरिक के नज़रिए से देखें, तो यह धोखा है। क्योंकि जब जनता किसी संकट में होती है, तब उसे सही, सटीक, और वैज्ञानिक जानकारी चाहिए होती है—न कि दाढ़ी वाले किसी स्वयंभू ईश्वर के प्रवचन।

# ईरान व यूक्रेन जंग लगने पर वहां रह रहे छात्रों को भारत लाने की कवायद शुरू-छात्रों को आखिर विदेश जाने की जरूरत ही क्यों पड़ती है



अशोक भाटिया

**ईरान व यूक्रेन की जंग शुरू होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो लगातार तेजी से बढ़ते जा रहे हैं जिसमें ईरान में फंसे भारतीय छात्र नरेंद्र मोदी सरकार से उन्हें रूसी बमों और यहां-वहां दागे जा रहे रॉकेटों के हमले से बचाने की गुहार लगा रहे हैं। जम्मू कश्मीर स्टूडेंट असोसिएशन के अनुसार तेहरान यूनिवर्सिटी के होस्टल में रविवार रात हमला हुआ व दो छात्र घायल हो गए । इस बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को वहां निकालने की कवायद भी शुरू हो गई है।**


भारत सरकार ने कहा है कि वह इन छात्रों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। ईरान में फिलहाल करीब 10 हजार भारतीय हैं, जिनमें 6000 छात्र हैं। इसमें से करीब 600 छात्रों को तेहरान से कौम की तरफ रीलोकेट किया जा चुका है। इसके अलावा 110 छात्र उर्मिया से आर्मेनिया सीमा की तरफ जा चुके हैं। इन लोगों को जल्द से जल्द वहां से निकाल लिया जाएगा। इधर, भारत में एक बार फिर इस पर बहस तेज हो गई है कि छात्रों के सामने किस तरह की समस्याएं पेश आती है—भारतीय शिक्षा प्रणाली को लेकर और यह भी कि छात्रों को आखिर विदेश जाने की जरूरत क्यों पड़ती है, खासकर चिकित्सा शिक्षा के लिए। बजट घोषणाओं पर एक वेबिनार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टिप्पणी की थी कि कैसे 'हमारे बच्चों को आज पढ़ने के लिए छोटे-छोटे देशों में जाना पड़ रहा है।' साथ ही उन्होंने निजी क्षेत्र से यह आग्रह भी किया कि छात्रों का बाहर जाना रोकने के लिए वो इस क्षेत्र में आगे आए। तो सवाल उठता है कि आखिर छात्र विदेश जाते क्यों हैं?इस बारे में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति दिनेश सिंह कहते हैं, 'भारत में एक तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने वाली यूनिवर्सिटी की संख्या काफी कम है और जो हैं भी वहां प्रवेश मिलना काफी कठिन है।'एक विदेशी राष्ट्र में जीवन और मौत के संकट में फंसे और घरेलू मोर्चे पर शिक्षा प्रणाली पर सवाल उठाने वाले भारतीय छात्र, जिनमें तमाम की राय है कि इसका खर्च वहन कर पाना आसान नहीं है।

कंसल्टेंसी फर्म रेडसीर ने 'विदेशों में उच्च शिक्षा' पर अपनी ताजा रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 2024 तक विदेशों में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों का आंकड़ा करीब 20 लाख के पार पहुंच गया है । रिपोर्ट में पाया गया कि यह संख्या लगातार बढ़ रही है।रिपोर्ट ने बताया गया है, 'हमारे शोध से पता चलता है कि मौजूदा समय में 7,70,000 भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ रहे हैं और यह संख्या 2016 में 4,40,000 की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़ी है। दूसरी ओर, विदेशों में शिक्षा की मांग की तुलना में घरेलू स्तर पर यह वृद्धि केवल 3 प्रतिशत रही है।'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) से भी यही ट्रेंड सामने आता है। 2016-17 में उच्च शिक्षा के लिए नामांकित छात्रों की संख्या 35।7 मिलियन थी, जो 2019-20 में बढ़कर केवल 38।5 मिलियन हुई। भारतीय छात्रों का पढ़ाई के लिए विदेशों का रुख करना कोई नई बात नहीं है। कई दशकों से भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थानों के अभाव और मांग-आपूर्ति में अंतर की वजह से तमाम परिवार अपने बच्चों को विदेश भेजने के लिए बाध्य रहे हैं। हालांकि, हाल के दो घटनाक्रमों— कोविड-19 महामारी और यूक्रेन और रूस के बीच जंग— ने इससे जुड़े एक अलग ही पहलू को उजागर किया है।दोनों घटनाक्रम के बीच जब फंसे छात्रों ने मदद के लिए गुहार लगाई तो पहला सवाल तो यही उठाया गया कि उन्हें उन जगहों पर जाने की जरूरत ही क्या थी। 'वे भारत में क्यों नहीं पढ़ सकते?'

1990 के दशक में, और उससे पहले भी भारत के अधिकांश छात्र अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे अंग्रेजी-भाषी देशों में जाते थे। ऑस्ट्रेलिया एक बिल्कुल नया गंतव्य स्थल है, जो पिछले 15 वर्षों में खासा लोकप्रिय हुआ है।

## कहानी | बढ़ता राजस्थान

# अकबर और बीरबल



एक बार अकबर और बीरबल शिकार करने जा रहे थे, शिकार करते समय अकबर के दायें हाथ का अँगूठा तलवार निकलते समय कट जाता हैं और वह अपने सिपाहियों से बोलता हैं, जाओ किसी वैद्य को बुला कर लाओ। फिर अकबर बीरबल को बुलाता हैं और बोलता हैं कि,देखो ये क्या हो गया मेरे साथ मेरी हालत तो देखो, बीरबल ने बोला महाराज जो भी होता हैं, अच्छे के लिए होता हैं।

अकबर को गुस्सा आ जाता हैं और अपने सिपाहियों को बोलता हैं वैद्य को बाद में बुलाना, पहले इसको ले जाओ, इसे उल्टा लटका के कोड़े मारो और सुबह इसे फांसी दे देना। इसके बाद अकबर अकेले शिकार पर चला जाता हैं। कुछ आदिवासी उसे पकड़ लेते हैं और उसकी बलि चढ़ाने के लिए उल्टा लटका देते हैं। उसके बाद सभी आदिवासी डांस करने लगते हैं, तभी एक आदिवासी की नजर उसके कटे अंगूठे पर पड़ती हैं। वह बोलता हैं यह तो अशुद्ध हैं। हम इसकी बलि नहीं चढ़ा सकते, इसको छोड़ दो।

अकबर को बीरबल की याद आती हैं और वह सोचता हैं अब तक बीरबल को फांसी दे दी गयी होगी। वह तेजी से भागता हुआ आता हैं, और देखता हैं तो बीरबल को फांसी होने ही वाली थी। वह बीरबल के पास जाता हैं और उसको सारी बात बताता हैं और रोने लगता हैं। बीरबल बोलता हैं महराज जो भी होता हैं, अच्छे के लिए होता हैं, फिर से अकबर झुँझला उठा और पूछा इसमें अच्छा क्या है, बीरबल ने बोला महाराज अगर मैं आपके साथ गया होता तो वे लोग मुझे फांसी पर चढ़ा देते।

## 2025_042 | बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 9 | 4 | | 6 | |
| | | 8 | | 1 | | 3 | | 4 |
| | | 6 | 2 | | | | 5 | |
| | 2 | 9 | 1 | | | | 3 | 6 |
| | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 1 | |
| 1 | 4 | | | | 9 | 8 | 2 | |
| | 8 | | | | 1 | 6 | | |
| 9 | | 5 | | 3 | | 7 | | |
| | 6 | | 9 | 7 | | | | 1 |

### Ans_2025_041

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें और आपको खर्च करने से भी बचना होगा, क्योंकि आपका बजट बिगड़ सकता है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े इन्वेस्टमेंट को करने के लिए भी अच्छा रहेगा। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपके कामों में यदि कुछ कठिनाईयां आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप बेवजह किसी वाद-विवाद में ना पड़ें और आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा।

**कर्क**
आज अपने प्रिय व्यक्ति के साथ खुशियों से भरा रूमानी दिन बिताइए। बच्चे आज अपनी कला या साहित्य की प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। नया काम आपको बहुत ख्याति और पहचान दिलाएगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। आपको अधिकारियों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपसे कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन अच्छा नहीं है। कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बहुत सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उन्हें अपने रक्षक को निराश नहीं करना चाहिए और न ही भावनाओं में बहने देना चाहिए।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए व्यापार में अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उनके बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए चिंताओं से मुक्ति दिलाने वाला रहेगा। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। मेहनत से काम करने के लिए रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दान-धर्म के कार्यों में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन आपकी किसी संपत्ति को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, उसमें आपको जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**कुंभ**
आज जमीन-जायदाद के कारोबारियों के लिए सामान्य कामकाज का दिन रहेगा। दिन के शुरुवात में सामने आई हुई वित्तीय परेशानीयों का दिन के मध्यान्ह के बाद समाधान मिल जायेगा और हल हो जाएगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके बिजनेस की यदि कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। इन्वेस्ट करने का मौका मिले, तो आप दिल खोलकर कर सकते हैं।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें : हीरालाल नागर

## विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं मानसून की पूर्व तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक, अधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री टोंक हीरालाल नागर ने जिला परिषद सभागार में विद्युत, पेयजल, चिकित्सा और मानसून के आगमन से पूर्व आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। साथ ही, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री नागर ने सभी संबंधित अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिले में प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान की प्रगति एवं आगामी कार्य योजना की समीक्षा कर अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

नागर ने प्राचीन जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्वार करने के साथ आमजन में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचयन की जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं हरियालों राजस्थान में अधिकाधिक पौधारोपण करने के साथ उनके जीवित रहने के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही, जल संरक्षण की शपथ दिलाई। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिले में सतत विद्युत आपूर्ति और विद्युत तंत्र का सुदृढीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए किसी कारण से विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर अधिकारी एवं कार्मिक उपभोक्ताओं के फोन रिसीव कर संतोषप्रद जवाब दें। जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने पर टोंक सहायक अभियंता को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री को नासिरदा सीएचसी में चिकित्सक नहीं होने की जानकारी मिलने पर मौके पर ही चिकित्सा विभाग जयपुर के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर चिकित्सक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, जिले में डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए भी कहा। उन्होंने एडीएम रामरतन सौकरिया को अस्पतालों में पेयजल टंकियों की साफ सफाई एवं वॉटर कूलर के क्रियाशील होने की जांच करने के निर्देश दिए। नागर ने मानसून के




दौरान जलदाय विभाग को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल लाइनों में होने वाले लीकेज को शीघ्रता से सही करें, और पूर्ण दबाव के साथ टेल तक पानी पहुंचाएं। अवैध कनेक्शन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा को पशुओं के उपचार में कोताही नहीं बरतने तथा पशु उपचार के लिए मोबाइल वैन को सही समय पर पशुपालकों को पास भेजने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को एच.एल. मीणा को नदी-नालों पर बनी रपट के दोनों और रैलिंग एवं जंजीर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, जिले के सभी बांधों, छोटे-बड़े तालाबों, नदी-नालों एवं रपटों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के लिए कहा। उन्होंने सभी विभागों को मानसून के दौरान प्रो एक्टिव होकर कार्य करने तथा अपेक्षित समस्त इंतजाम दुरस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, राजेंद्र पराणा समेत अन्य विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ढील बाँध , मुई बाँध, देवपुरा बाँध पर जल पूजन

## श्रमदान व मरम्मत कार्य से दिया जल संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा तहसील सवाईमाधोपुर व चौथ का बरवाड़ा में देवपुरा व मुई बांध एवं ढील बांध पर जनसहभागिता से जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से जल पूजन से हुई, जिसमें जल को जीवनदायी मानते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। जिसमें जल शपथ , जल पूजन, पोधारोपण , श्रमदान , साफ़ सफाई कार्य , जन उपयोगिता संगम के साथ जल संसरक्षण को लेकर चर्चा की गई । अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने जल संरक्षण को केवल व्यवहारिक जिम्मेदारी ही नहीं, अपितु सामाजिक चेतना का केंद्र बताया। यह आयोजन जनभागीदारी से जल संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन की दिशा में प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ। इस दौरान अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, नरेगा श्रमिक एवं संवेदकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई की। वहीं प्रतिभागियों ने बांध परिसर की स्वच्छता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस नहरों की मरम्मत, जल प्रवाह में आ रही रुकावटों को दूर करने एवं जल संरचना को सुदृढ़ करने हेतु तकनीकी सुधार किए गए। इस दौरान खंड के सहायक अभियंता खेमचंद, जितेंद्र कनिष्ठ अभियंता मुनेश, रोहित, विनोद, अजय व विभाजित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा पचेवर मंडल की नई कार्यकारिणी धोषित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र की भाजपा पचेवर मंडल की नवीन कार्यकारिणी की धोषणा की गई है। भाजपा पचेवर मंडल अध्यक्ष धर्मराज जांगिड़ ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड़ के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान की अनुमति से तथा जलदाय मंत्री व क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अभिशंषानुसार अपनी पचेवर मंडल की कार्यकारिणी की धोषणा की है। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष एडवोकेट श्योराज चौधरी, जितेन्द्र सिंह खंगारोत, रेणुका वर्मा, पदमचन्द जांगिड़, घासीलाल कुम्हार व घासीलाल दरोगा, महामंत्री राजवेन्द्र चौधरी, मंत्री शंकरलाल खर्रा, रामरतन वैष्णव, कैलाशीदेवी भार्गव, कानारामछपांग, रामेश्वर गोदारा, श्रीराम चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जैन, सह कोषाध्यक्ष हेमराज चौधरी, मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा, सह मीडिया प्रभारी विजय सिंह, कार्यालय प्रभारी शंकर प्रजापत, सह कार्यालय प्रभारी सत्यनारायण दरोगा को तथा कार्यकारिणी में कार्यकारिणी सदस्यो के रूप में 39 अन्य भाजपाईयो को शामिल किया गया है।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान : बंगड़ी में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम लगाये पौधे

## जल संचय आज की जरूरत पानी बिन कुछ नहीं : विधायक रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( कमल मीणा )।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत बंगड़ी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जल संरक्षण का संदेश दिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, उपखण्ड अधिकारी गणराज बड़गोती, तहसीलदार कैलाश मीणा, प्रधान रतनी देवी चंदेल, अधीक्षण अभियंता जल ग्रहण ओम प्रकाश देवनानी, और सहायक अभियंता दुर्गेश वर्मा ने एक पीपल वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा आज के समय में जल का संचय बहुत जरूरी है बिना जल कुछ नहीं है प्रकृति में हवा के लिए पेड़, जल के नदी बावड़ी, कुआ और पर्यावरण का होना जरूरी है इसे हमें बचाना चाहिए। इस दौरान, बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की, जो जल को जीवन का आधार मानने की भारतीय संस्कृति का प्रतीक था। विधायक रामसहाय वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को जल संचय की शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने जल के महत्व को समझते हुए उसके सदुपयोग और संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही, उन्होंने पेड़ों पर परिंदे (पक्षियों के लिए पानी के पात्र) बांधकर भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था का आह्वान किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व प्रधान ममता जाट, प्रशासक शिवजी राम जाट, हनुमान गुर्जर, निवाई विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सहाय अभियंता मनोहर लाल गोरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। यह आयोजन जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# 100 शहरी निकायों के कई वार्डों का परिसीमन और पुनर्गठन अटका

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ जयपुर ( राकेश शर्मा )।** सड़क, पहाड़, जल स्रोत व अन्य भौगोलिक स्थितियों की वजह से राजस्थान के 100 शहरी निकायों के कई वार्डों के परिसीमन प्रस्तावों में वार्डों की आबादी निर्धारित औसत जनसंख्या से 15 प्रतिशत से भी ज्यादा हो रही है। कहीं-कहीं तो यह 30 प्रतिशत तक पहुंच गई।

इसके चलते इन वार्डों का परिसीमन और पुनर्गठन अटक गया है। गौरतलब है कि स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में गठित मंत्री मण्डलीय उपसमिति ने इसे लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी अवगत कराया है। प्रयास किए जा रहे हैं कि औसत जनसंख्या के 15 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 20 से 25 प्रतिशत तक किया जाए। हालांकि यह छूट विशेष परिस्थितियों के लिए ही लागू हो सकती है।

**भाजपा कर रही माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग का मैकेनिज्म :** सूत्रों के मुताबिक भाजपा निकाय चुनाव के लिए माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग का मैकेनिज्म तैयार कर रही है, ताकि छोटे से छोटे निकाय में भाजपा का दबदबा बने। मुख्यमंत्री खुद इस मामले में स्थानीय नेताओं से वन-टू-वन मीटिंग कर सकते हैं। नवम्बर में सभी निकायों के एक साथ चुनाव होने हैं। विधि विशेषज्ञ अशोक सिंह के मुताबिक वार्ड की औसत जनसंख्या में 15 फीसदी कम या ज्यादा आबादी का वार्ड बनाया जा सकता है। भौगोलिक परिस्थितिवश राज्य सरकार स्तर पर इसमें बदलाव किया जा सकता है।

**111 निकाय प्रशासकों के जिम्मे :** प्रदेश के 111 नगरीय निकायों (नगर निगम, परिषद, पालिका) में प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। ज्यादातर जगह जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया है।



**15 हजार पर 20 और 35 लाख की आबादी पर 150 वार्ड :** स्वायत्त शासन विभाग पिछले वर्ष नवम्बर में जारी अधिसूचना में जनसंख्या के आधार पर वार्ड संख्या तय कर चुका है। इसके मुताबिक 15000 तक की जनसंख्या पर 20 वार्ड, जबकि 35 लाख की आबादी तक अधिकतम 150 वार्ड होंगे।

**मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने दी रिपोर्ट :** मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं की सीमाओं में बदलाव, नए निकाय-वार्ड गठन और खत्म करने से जुड़ी रिपोर्ट सौंप दी है। कमेटी में मंत्री झाबर सिंह खर्रा के अलावा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन मंत्री संजय शर्मा और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार सदस्य हैं।

**बोर्ड भंग करने की राह तलाश रहे :** सरकार नवम्बर में चुनाव कराना चाह रही है, जबकि 140 नगरीय निकाय ऐसे हैं जिनका कार्यकाल दिसम्बर व जनवरी में खत्म होगा। इन निकायों का बोर्ड भंग करना पड़ेगा। यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि कानूनी अड़चन और विरोध की आशंका भी रहेगी।

# रणथंभौर से बाघिन आरबीटी 2508 को रामगढ़ विषधारी अभयारण्य किया शिफ्ट

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ बूंदी( राकेश शर्मा )।** रणथंभौर नेशनल पार्क में लगातार घटनाओं का दौर चल रहा था. वहीं, रणथंभौर नेशनल पार्क स्थित गणेश मंदिर मार्ग पर भी टाइगर का मूवमेंट लगातार बना हुआ था, जिसके बाद वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देशन के बाद रणथंभौर नेशनल पार्क से टाइगर की शिफ्टिंग की गई। रणथंभौर नेशनल पार्क से मंगलवार को एक और खूंखार बाघिन को बूंदी जिले के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य शिफ्ट किया गया है। वन अधिकारियों की मौजूदगी में टाइगर शिफ्टिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। रणथंभौर के डीएफओ रामानंद भाकर ने बताया कि नेशनल पार्क के नाका शेरपुर के अधीन वनक्षेत्र से ऐरोहेड की मादा शावक आरबीटी-2508 को ट्रेंकुलाइज किया गया और रेडियो कॉलर पहनाकर रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी के लिए भेजा गया।

**बिजोलिया एंक्लोजर में रखा जाएगा :** बूंदी रामगढ़ टाइगर रिजर्व के डीएफओ अरविंद झा ने बताया कि रणथंभौर से बाघिन आरबीटी 2508 को ट्रेंकुलाइज करने की सूचना मिली है! जैसे ही बाघिन रामगढ़ टाइगर रिजर्व में पहुंचेगी तो उसे टीम द्वारा बिजालिया एंक्लोजर में छोड़ा जाएगा। यहां उसे कुछ समय रखने के बाद खुले जंगल में छोड़ा जाएगा. डीएफओ ने बताया कि बाघिन को शिफ्ट करने की सारी तैयारियां पूर्व में की जा चुकी हैं। अलग-अलग टीमें लगाई हुई हैं।

**कौन है बाघिन आरबीटी 2508 :** टाइगर फाउंडेशन अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रणथंभौर से बाघिन आरबीटी 2508 को बूंदी लाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बाघिन आरबीटी 2508, बाघिन टी 84 एरोहेड की बेटी है, जिसे यहां लाने के बाद कुछ दिन एंक्लोजर में रखकर बाद में हार्ड रिलीज की जाएगी।

# कुश्तला में छात्राओं को करवाया कॉमन योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास

## योग एवं प्राणायाम तनाव और रोगों से मुक्ति देने का एक बेहतरीन उपाय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2025 की पूर्व तैयारी के तहत आचार्य नानेश महिला शिक्षा महाविद्यालय कुश्तला में मंगलवार को योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष कुश्तला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा जनागल, योग प्रशिक्षक ओमेंद्र सिंह, योग प्रषिक्षक रजत भारद्वाज एवं आदित्य सिंह राठौड़ द्वारा महाविद्यालय की लगभग 125 छात्राओं को एकरूपता के साथ योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में सभी आमजन को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए क्योंकि योग एवं प्राणायाम तनाव और रोगों से मुक्ति देने का एक बेहतरीन उपाय है। इस दौरान छात्राओं को ग्रीवाचालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन आदि सूक्ष्म क्रियाओ का अभ्यास करवाया गया साथ ही ताड़ासन, वृक्षासन, हलासन त्रिकोणासन, शलभासन , मंडूकासन, भ्रामरी, उज्जयी, अनुलोम विलोम, कपालभाति प्राणायाम, ध्यान एवं योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया।

# जलदाय मंत्री 9.47 करोड़ की लागत से निर्मित एफएसटीपी प्लान्ट का आज करेगें शुभारम्भ

## उपखण्ड अधिकारी ने प्लांट का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पालिका क्षैत्र स्थित सुईवालो की ढाणी में उपखण्ड प्रशासन के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्मित एफएसटीपी प्लान्ट का बुधवार 18 जून को प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी उद्घाटन करेगें। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री बजट धोषणा के अनुसार स्थानीय निकाय विभाग की ओर से कार्यकारी एजेन्सी एमवीआर टेक्नोलॉजी के मार्फत सुईवालो



की ढाणी में 9.47 करोड़ रूपये की लागत से फिकल सर्विसेज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निर्माण करवाया है। इस प्लांट में शहर के शोचालयो में निकलने वाले मलमूत्रको एकत्रित आधुनिक मशीनो द्वारा कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यकारी एजेन्सी ने प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है।

साथ ही एजेन्सी द्वारा आगामी दस वर्ष तक इसका रखरखाव व संचालन भी करेगी।

उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि इस प्लांट का उद्घाटन बुधवार 18 जून को 11.50 बजे प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी द्वारा किया जाएगा। इसी को लेकर मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत सहित एजेन्सी के अन्य अधिकारियो के साथ प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ने बुधवार को आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह की तैयारियो का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें

# ब्लॉक स्तरीय वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान आज होगा आयोजित

### तालाब सौन्दर्यकरण व विकास कार्य का जलदाय मंत्री करेगें शुभारम्भ, निकलेगी महिलाओं की कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

### जल पूजन के बाद होगा पौधारोपण व तुलसी पौधा वितरण

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के ब्रह्म तालाब स्थित श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में उपखण्ड प्रशासन की ओर से ब्लाक स्तरीय वंदे गंगा जल सरंक्षण अभियान के अन्तर्गत आयोजित समारोह का आयोजन बुधवार को प्रातः 8 बजें प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल सरंक्षण जन महाअभियान के अन्तर्गत 18 जून बुधवार को शहरवासियो, ग्रामवासियो , जनप्रतिनिधियो व स्वयंसेवी संस्थाओ के सहयोग से वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान का ब्लाक स्तरीय कार्यकम आयोजित होगा।

जिसके लिए पंचायत समिति के कार्यवाहक विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार जैन को नोडल व नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ब्लाक स्तरीय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 18 जून को प्रातः 8 बजे श्री सिद्धिविनायक मन्दिर से महिलाओ की कलश यात्रा प्रारम्भ होकर छतरेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचेगी। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा ब्रह्म तालाब के सौन्दर्यकरण कार्य का शुभारम्भ करेगें। तालाब सौन्दर्यकरण में रूडिस्को द्वारा लगभग 45 करोड़ रूपये किए जाएगें। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि इसके पश्चात जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी वंदे गंगा जल सरंक्षण जन महाअभियान के अन्तर्गत गंगा जल पूजन व वृक्षारोपण करेगें। साथ ही जलदाय मंत्री चौधरी इस कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका मालपुरा द्वारा चिन्हित धुमन्तु परिवारो को पट्टे वितरण भी करेगें।

## हेंडबाल संघ की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** हेण्डबाल संघ मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। नवगठित कार्यकारिणी में मुख्य सरंक्षक आरिफ अली, सरंक्षक किशनलाल जाट, अध्यक्ष यशप्रताप सिंह तथा उपाध्यक्ष रामस्वरूप माली, फारूक अली व मुकेश सेठी, सचिव आरिफ हसन, संयुक्त सचिव रेहान अहमद , देवीलाल वैष्णव व परशुराम चौधरी , कोषाध्यक्ष मोहम्मद शोएब, आयोजन सचिव जुलकर नेन तथा तकनीकी सलाहकारअब्दुल रऊफ फौजी को मनोनीत किया गया है। कार्यकारिणी गठन के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो का मालाऐं पहना कर सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# वंदे गंगा अभियान से जन भागीदारी के साथ जल संरक्षण को मिली नई दिशा

## अलवर जिले का हर गांव अभियान में उत्साह के साथ निभा रहा है सहभागिता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान की भौगोलिक एवं मरूस्थलीय स्थिति के कारण कम वर्षा होने से यहां के नागरिकों से ज्यादा जल का महत्व और उसकी कीमत शायद ही कोई अन्य प्रदेश के निवासी जानते होंगे। देश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बडा राज्य है लेकिन देश के कुल उपलब्ध पेयजल का मात्र एक प्रतिशत जल की उपलब्धता ही राजस्थान में है। आधुनिकता की दौड में तेजी से भूमिगत जल के दोहन के साथ युवा पीढी हमारे पुरखों द्वारा वर्षा जल को सहजने की परम्परागत पद्धतियों से उतनी ही तेजी से विमुख हो रही है। इन परिस्थितियों के मध्यनजर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वर्षा जल की एक-एक अमृतमयी बूंदों को सहजने और परम्परागत जल स्त्रोतों का पुनरोद्वार आमजन की सहभागिता के साथ करने के पुनीत उद्देश्य से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान प्रारम्भ किया है। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के साथ प्रदेशवासियों के सहयोग से प्रदेश को जल आत्मनिर्भर व हराभरा प्रदेश बनाने की दिशा में यह एक जन जल आंदोलन शुरू किया है। इसकी शुरूआत गंगा दशहरा व विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं जयपुर के रामगढ बांध में श्रमदान कर की है। इससे स्पष्ट संदेश है कि जल व जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति प्रदेश के मुखिया स्वयं कितने गंभीर है। 'वन्दे गंगा' जल संरक्षण अभियान वर्षा जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व नवीन संरचनाओं के निर्माण के साथ प्राकृतिक जल प्रवाह की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। यह अभियान न केवल पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक छोटा प्रयास है, बल्कि हमारी भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का संकल्प भी है। इस अभियान का लक्ष्य है कि सूख चुके जल स्रोतों को आमजन के सहयोग से पुनर्जनन कर भूजल स्तर को बढ़ाया जाए और स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाना है। अलवर जिले में



जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 20 विभागों के द्वारा आमजन की सहभागिता से जल संरक्षण एवं पौधारोपण की गतिविधियां कराई जा रही है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वयं भारत मिशन ग्रामीण एवं राजीविका द्वारा जिले के 33 नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ किया गया एवं समस्त पंचायत समितियों में 45 चारागाहों का चिन्हिकरण किया गया। उन्होंने बताया कि पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी हेतु हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की 9 पंचायत समितियों में पेड लगाने के लिए 13800 गड्ढों की खुदाई कार्य एवं खाद्य पानी देने जैसे कार्य किये गए। उन्होंने बताया कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जिले की 213 ग्राम पंचायतों के प्रत्येक ग्राम में 4-4 कार्यों का अवलोकन कर स्वीकृति जारी की गई तथा 10 सोख्ता गड्ढों की प्रति ब्लॉक साफ-सफाई कराई गई एवं गांवों के मुख्य मार्गों व चौराहों तथा साव्रजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई।

इसी प्रकार 287 पंचायत पौधशालाओं पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा प्राचीन बावडियों व जोहडों की डिसिल्टिंग का कार्य किया गया।



## वैदिक ब्राह्मण संघ की बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सनातन धर्म तथा वैदिक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में संलग्न संस्था वैदिक ब्राह्मण संघ के कार्यकर्ताओं की एक बैठक श्री वृंदावन चंद्रमा जी महाराज मंदिर,जोहड़ा,पटेल नगर में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत सामूहिक संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ से हुई। संगठन के आचार्य विष्णु शर्मा ने संगठन का ध्येय मंत्र गाया । संघ के संरक्षक ब्रह्मानंद शर्मा ने वर्ष पर्यंत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी सभी कार्यकर्ताओं को दी तथा संगठन विस्तार पर परिचर्चा की। संघ के विजय सारस्वत और दीपक पंडित ने संगठन की रीति-नीति की जानकारी देते हुए सभी से सनातन धर्म को पुष्ट करने एवं वेदों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर गेट परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धि 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रतिभावान सदस्य भावुक सारस्वत का सम्मान संरक्षक पंडित धर्मवीर शर्मा , डाण्रमाकांत शर्मा, कमल कांत शर्मा सहित वरिष्ठजनों ने किया एवं परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका में रहे केशव शास्त्री का भी अभिनंदन किया गया। संघ के डॉ.गोपाल शास्त्री ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आगामी कार्य योजनाओं का स्वरूप सभी के समक्ष रखा। सभी विधान सभा क्षेत्रों में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी कुश मुद्गल ने स्वीकार की।

शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मोनू पंडित, नरेश बंधु शर्मा, रामानंद गुरु, विवेक शुक्ला, केशव प्रधान, डॉ. श्वेता शास्त्री , विष्णु भगवान शर्मा,डॉ.नितिन भाल ,गिरीश शर्मा, मनोज शर्मा, विकास शर्मा, सतेंद्र शास्त्री ,नीरज शास्त्री, श्याम सुंदर शर्मा,दीपक मिश्रा , नवीन शर्मा,देवराज शर्मा, कमलेश शर्मा,उमाशंकर शर्मा , चंद्रभागा शर्मा सहित बड़ी संख्या में वैदिक ब्राह्मण संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सर्विस लाईन कट के लिए शेखावत ने दिया समर्थन : दायमा

### पूर्व मंत्री स्व. जगतसिंह दायमा के पुत्र भाजपा नेता अंकुर दायमा मिले विधायक देवीसिंह से



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाले पनियाला से बड़ौदा मेव एक्सप्रेस वे पर सर्विस लाईन व कट की मांग को लेकर विधायक देवीसिंह शेखावत से पूर्व मंत्री स्व. जगतसिंह दायमा के पुत्र भाजपा नेता अंकुर दायमा ने शिष्टाचार भेंट की। दायमा ने बताया कि पनियालासे बड़ौदामेव एक्सप्रेस वे पर सर्विस लाईन व कट को लेकर संघर्ष समिति का गठन विधानसभा क्षेत्र लोगों ने मिलकर किया है। जिसका अध्यक्ष धर्मपाल गुर्जर को बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र से हमारा पारिवारिक व स्नेह का रिश्ता है और रहेगा।मुझे भी जैसे ही पता चला तो मैं भी संघर्ष समिति के समक्ष उपस्थित हुआ। दायमा ने बताया कि उपस्थित पदाधिकारीयों जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण लोगों से जानकारी ली। और मैंने अपना सुझाव रखा कि हम सब मिलकर चर्चा तो कर सकते हैं पर अन्तिम निर्णय हमें अध्यक्ष पर ही छोड़ना होगा। क्योंकि पूर्व मंत्री स्व.जगतसिंह दायमा ने आमजन से सुझाव मांगे लेकिन निर्णय स्वयं लिया। ठीक उसी तरह हमारे आदर्श और गुर्जर समाज के आधुनिक भगवान स्व.कर्नल किरोड़ी लाल बैंसला जी ने भी सुझाव तो सबसे मांगे लेकिन अन्तिम निर्णय उन्होंने अपने विवेक पर लिया जिसका फायदा समस्त गुर्जर समाज को मिल रहा है। संघर्ष समिति द्वारा बानसूर उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित व कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को अपनी मांगों का ज्ञापन भी दिया जा चुका है। दायमा ने बताया कि संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार विधायक देवीसिंह शेखावत व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह से मिलकर विधानसभा क्षेत्र में सर्विस लाईन व कट बनवाने के लिए राज्य सरकार व केन्द्र सरकार तक बात पहुँचानी है। जिससे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक्सप्रेस वे का लाभ मिल सके। मैं आज उसी सिलसिले में विधायक देवीसिंह शेखावत से मिला हूँ उन्होंने अपने सम्पूर्ण समर्थन के साथ सांसद राव राजेन्द्रसिंह व केन्द्र सरकार तक मजबूती से इस मुद्दे को रखने का आश्वासन दिया है। मैं उनके इस समर्थन के लिए सादर धन्यवाद देता हूँ।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यशाला हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित तुषार गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में संकल्प से सिद्धि तक एवं मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धि के विषय पर मंडल कार्यशाला मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री ऋषिराज शर्मा एवं जिला प्रवक्ता नरेश धनावत रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शर्मा ने मोदी सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि जटिल संवैधानिक मुद्दे जैसे कश्मीर से धारा 370 को हटाना, भारत की अर्थव्यवस्था विषय, मेक इन इंडिया, सेनाओं को शक्तिशाली बनाना और विपक्षियों द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण के आधार पर बनाई गई नीति निर्माण को समाप्त करना आदि पर काम किया है। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार पांच सौ वर्ष पुराने अयोध्या में राम मंदिर के संकल्प को पूरा करना और पहलगांव के आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने मुख्य वक्ताओं ओर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। सहसंयोजक सुधांशु मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, पालिकाध्यक्ष सतीश दुहारिया, महामंत्री लोकेश रावत, उपाध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, उमेश मंडावरा, रश्मि विजय, नवल सिंह राजपूत, प्रमोद शर्मा, मंत्री गौरव कसेरा, मंजू सैनी, ललिता मीणा, शिंभू सैनी, मोहन लाल मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, बेनी प्रसाद सैनी, मुकेश जैमन, खेमसिंह आर्य, अजय यादव, प्रदीप शर्मा, प्रीति विजय, मीना खंडेलवाल, मीना विजय, राजेश्वरी शर्मा, पद्मा गोयल पार्षद रूप नारायण, धर्म चंद सैनी , खेम चंद सैनी, महेश सैनी,गौरीशंकर, प्रदीप मीणा, भूपेंद्र बैरवा,फूल चंद प्रजापत, नंदू सैनी,जगमोहन शर्मा, अभिषेक खंडेलवाल, मनोज शर्मा, बाबूलाल शर्मा, मंगतू राम सैनी, प्रभाती लाल कोली आदि उपस्थित रहे।

## नवलपुरा गांव के आम रास्ते में भरा वर्षा का पानी, ग्रामीण परेशान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** उपखण्ड क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम पंचायत छिलोड़ी के गांव नवलपुरा में प्रजापत एवं राजपूत मौहल्ले में आम रास्ते में वर्षा का पानी भरा रहने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आम रास्ते में वर्षा का पानी भरा रहने से विधालय जाने वाले बच्चों व महिलाओं और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माचाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष पुर्ण सिंह नरूका का कहना है कि ग्राम पंचायत बिणजारी सचिव व सरपंच को बार-बार अवगत कराया लेकिन इस बात पर किसी ने भी नहीं सुनी और ना ही कोई ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आम रास्ते को जल्द से जल्द ठीक करवाएं जाने की मांग की है।

## महिला कृषकों को कृषि विभाग ने दी आधुनिक कृषि तकनीकी की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा (नि.स.)।** कृषि विभाग खैरथल-तिजारा के तहत एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज ग्राम पंचायत खानपुर अहीर में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक कृषि अधिकारी मुंडावर दिनेश तक्षक ने की। उन्होंने बताया कि खेती में पुरुषों से ज्यादा योगदान महिलाओं का है और इसीलिए कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में महिला कृषकों को खरीफ फसलों की बुवाई से पहले कृषि की आधुनिक तकनीकी, उन्नत बीज, खरपतवार नियंत्रण, रासायनिक खादों का संतुलित उपयोग, भूमि सुधार, बीजोपचार, भूमिउपचार, जिप्सम प्रयोग, जलसंरक्षण, वृक्षारोपण, किचन गार्डनिंग, तारबंदी, फार्मपौण्ड, और कृषक हितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## लाम्बा से मुलाक़ात में क़ानून व्यवस्था चाक-चौबंद करवाने का मिला आश्वासन : विधायक देवीसिंह शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने कानून व्यवस्था को लेकर जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा से शिष्टाचार भेंट की। शेखावत ने लाम्बा से क़ानून व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए आग्रह किया।मुलाकात के दौरान बानसूर के सिंह विधायक शेखावतसिंह शेखावत ने क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक मामलों, चोरी, अवैध गतिविधियों, भूमि विवादों एवं आमजन में बढ़ती असुरक्षा की भावना को लेकर विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाने, कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा आमजन को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए त्वरित से कार्रवाई की मांग रखी। शेखावत ने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल देते हुए पुलिस प्रशासन को और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का सुझाव भी लाम्बा के सामने रखा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में लम्बित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण एवं अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। इस मौके पर आईजी अजयपाल लाम्बा ने विधायक द्वारा बताए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए शेखावत द्वारा रखी गईं मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी सक्रियता से कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्चता एवं प्राथमिकता में रखा जा रहा है।

## आज बचाईये जल- वरना पछताना पड़ेगा कल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** लघु उद्योग भारती अलवर की अपील हर उद्योगपति, हर उद्यमी वर्षाजल संचयन को अपनाए 'पानी को संसाधन में बदलें', भूजल दोहन कम करें, और अपने उद्योग को बनाएं । आपका एक कदम-कल की पीढियों के लिए संजीवनी बन सकता है। ये कहना है युवा समाजसेवी व लघु उघोग भारती के अध्यक्ष युवा उघोगपति सीबा मसाला उघोग के निदेशक शशांक झालानी का।

झालानी का कहना सच है कि यह एक आश्चर्यजनक सत्य है कि भारत में वर्षा के मौसम में एक क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति होती है जबकि दूसरे क्षेत्रों में भयंकर सूखा होता है। पर्याप्त वर्षा के बावजूद लोग पानी की एक-एक बूँद के लिये तरसते हैं तथा कई जगह संघर्ष की स्थिति भी पैदा हो जाती है। पिछले एक दशक से तो पानी के लिए मारा मारी देखने को लगातार सी मिल रही है, इसका प्रमुख कारण यह है कि हमने प्रकृति प्रदत्त अनमोल वर्षा जल का संचय नहीं किया और वह व्यर्थ में बहकर दूषित जल बन गया। वहीं दूसरी ओर मानवीय लालसा के परिणामस्वरूप भूजल का अंधाधुंध दोहन किया गया परन्तु धरती से निकाले गए इस जल को वापस धरती को नहीं लौटाया।

इससे भूजल स्तर गिरा तथा भीषण जलसंकट पैदा हुआ। एक अनुमान के अनुसार विश्व के लगभग 1.4 अरब लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। प्रकृति ने अनमोल जीवनदायी सम्पदा ष्जलष् को हमें एक चक्र के रूप में दिया है। मानव इस जल चक्र का अभिन्न अंग है। इस जल चक्र का निरन्तर गतिमान रहना अनिवार्य है। अतः प्रकृति के खजाने से जो जल हमने लिया है उसे वापस भी हमें ही लौटाना होगाए क्योंकि हम स्वयं जल नहीं बना सकते। अतः हमारा दायित्त्व है कि हम वर्षाजल का संरक्षण करें तथा प्राकृतिक जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाएँ और किसी भी कीमत पर पानी को बर्बाद न होने दें। जल संकट को लेकर पूरा विश्व समुदाय चिन्तित है।

परन्तु इस समस्या के हल के लिये सभी स्तरों पर पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी के साथ एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है। जलसंकट को लेकर हमें हाथ-पर-हाथ धरकर नहीं बैठ जाना चाहिए। इससे निपटना जरूरी है तभी हमारा आज और कल (वर्तमान एवं भविष्य) सुरक्षित रहेगा। इसके लिये कई वैज्ञानिक तरीके हैं जिनमें सबसे



कारगर तरीका है.रेन वाटर हार्वेस्टिंग .अर्थात् वर्षाजल का संचय एवं संग्रह करके इसका समुचित प्रबन्धन एवं आवश्यकतानुसार आपूर्ति। इस प्रक्रिया सम्पूर्ण सृष्टि का हित है क्योंकि जमीन के भीतर जो पानी संचित किया जाएगा उसका इस्तेमाल हम भविष्य में कर सकेंगे। दूसरे शब्दों में हमने जो प्रकृति से लिया है वह प्रकृति




को ही वापस लौटाना भी है। आइए मिलकर आगे बढ़ें, हर कारखाने में हो जल संरक्षण का संकल्प।

**शशांक झालानी**
**अध्यक्ष, लघु उघोग भारती,अलवर**

## मुनिवर के बिहार में आनन्द के साथ चल रहे हैं 100 से 150 श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आचार्य गुरुदेव वसुनंदी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज ससंघ का विहार तिजारा से अलवर की ओर बड़े धूमधाम से चल रहा है आज आहारचार्य किशनगढ़ में हुई उसके पश्चात सायंकालीन बिहार किशनगढ़ से घाटा बंबोरा हनुमान जी मंदिर परिसर में हुआ।

बिहार की सबसे जो मुख्य बात रही वह अलवर जैन समाज का साधु के प्रति प्रेम रहा कल से ही 100- 150 से अधिक लोग बिहार में साथ है, बिहार में आज वीतराग शासन ग्रुप के करीब 20 से 25 सदस्य शामिल थे संरक्षक मंदिर कमेटी पवन जैन चौधरी ने बताया की विहार में मुख्यतः श्री राजेंद्र जैन अध्यक्ष चंद्र प्रभु पंचायती मंदिर ,मंत्री रविंद्र जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन के साथ में सतीश जी दीवान अजीत जी पालम सुरेंद्र जैन अभिनंदन जैन संजय जैन पारस जैन ,हिमांशु जैन, सुरेंद्र जैन आदि जैन समाज के सेंकड़ों लोग उपाध्याय श्री के विहार में शामिल रहे। बुधवार को प्रातः 5.00 बजे राव फार्म हाउस रहेगा जो कि



करीब 11 किलोमीटर का बिहार रहेगा एवं सायः कालीन बिहार करीब 7 किलोमीटर का स्टेप बाय स्टेप स्कूल रहेगा।

## रूणिचा धाम जन्मोत्सव : मेघवाल समाज ने बाबा रामदेवरा जाकर दिया निमंत्रण, डुमाडा अजमेर में पोस्टर का हुआ भव्य विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** रूणिचा बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मेघवाल समाज समिति कोटा द्वारा 17 अगस्त 2025, रविवार को कोटा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन की जानकारी समिति अध्यक्ष व जुलूस के मुख्य संयोजक रामरतन सामरिया ने दी। समिति के सदस्यों ने रामदेवरा जाकर रूणिचा बाबा रामदेव जी की समाधि पर पीले चावल व आमंत्रण पत्र अर्पित कर जुलूस में आमंत्रित किया। इसके साथ ही डुमाडा, अजमेर में स्थित मेघवाल समाज के महापुरुष स्वामी गोकूल दास जी की समाधि स्थल पर महंत रमेशचंद्र दास जी के करकमलों से आमंत्रण पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया।

### रास्ते में हुआ भव्य स्वागत

निमंत्रण यात्रा की शुरुआत कोटा के कुन्हाड़ी स्थित बापू कालानी बाबा रामदेव मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात केकड़ी में देवकरण देव व समाजबंधुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। डुमाडा अजमेर में महंत रमेशचंद्र दास, जगदीश मेघवाल तबीजी और महिपाल बालोत ने स्वागत किया। इसके बाद लीडी (अजमेर) में पूर्व सरपंच मिश्रीलाल मेघवंशी, तथा ब्यावर जिला में जगदीश मेघवाल, अर्जुन मेघवंशी एवं समाजजनों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा का समापन रामदेवरा में हुआ, जहां सभी आयोजकों ने बाबा रामदेव जी की समाधि पर हाथ जोड़कर कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रार्थना की। साथ ही बाबा रामदेव जी के जुलूस में डुमाडा अजमेर से स्वामी गोकूल दास जी की भव्य झांकी शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

# 21 जून को गाँव से शहर तक योगमय होगा कोटा : डॉ रविंद्र गोस्वामी

## अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन की तैयारी बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय बैठक आयोजित की गई।जिसमे पूरे जिले में जनसहभागिता से भव्य योग आयोजन के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि 21 जून को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा। प्रात: 6.30 से 7.00 बजे तक प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन और 7.00 से 7.45 तक कॉमन योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष योग संगम के रूप में आयोजित होने वाला योग दिवस, कोटा जिले के लिए भी एक विशेष अवसर है।

**श्रीनाथपुरम स्टेडियम जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ 11 अन्य स्थानों पर भी होगा आयोजन :** उन्होंने बताया जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम श्रीनाथपुरम स्टेडियम में होगा, जहाँ बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व आमजन भाग लेंगे। योग विशेष 12 स्थान 12 टीम 12 प्रसासनिक अधिकारी शहर के प्रमुख 11 अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों — गोदावरी धाम, शिवपुरी धाम थेकड़ा, गणेश उद्यान, चंबल गार्डन, शिवाजी पार्क, छत्रविलास उद्यान, सिटी पार्क (ऑक्सीजन), चंबल रिवर फ्रंट, हैंगिंग ब्रिज, भीतरिया कुण्ड एवं किशोर सागर तालाब — पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि 21 जून की तैयारी व योग के प्रचार-प्रसार के लिए 12 प्रमुख स्थलों पर योगाभ्यास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु आयुर्वेद विभाग द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों की 12 प्रशिक्षित टीमें गठित की गई हैं, वहीं प्रशासन द्वारा 12 प्रशासनिक अधिकारियों को मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**इस वर्ष विशेष होगा योग दिवस :** कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस को अन्य वर्षों से अलग हटकर मनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर के साथ-साथ शहर के धार्मिक स्थलों तक विस्तार दिया गया है। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, एडीएम अनिल सिंघल, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. प्रवीण सिंह मीणा, जिला खेल अधिकारी, तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## हॉस्टल वेलफेयर सोसाइटी का गठन पूर्ण

# उत्तम व्यवस्था आपसी तालमेल और प्रशासन के साथ सहयोगी की भूमिका में नजर आयेगी सोसाइटी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** हॉस्टल व्यवसाय से संबंधित समस्त व्यक्तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई संस्था का हॉस्टल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने कोचिंग क्षेत्र से जुड़े लोगो की परेशानियों और उनमें किये जा सकने वाले सुधारो व सुझावों का खाका तैयार किया । समिति के निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में समिति के लेटर पैड पर विभिन्न बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कुन्हाडी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज से शिष्टाचार भेंट की।

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हमने हॉस्टल संचालको एवं हॉस्टल व्यवसाय से जुड़े विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों में सहायक सभी लोगों को मिलाकर एक बड़ी सोसायटी का निर्माण किया है,जो की स्थानीय रूप से छात्रों को पारिवारिक और आदर्श वातावरण प्रस्तुत करने के लिए कार्य करेगी वही समिति स्थानीय रूप से कोचिंग क्षेत्र पर बुरा प्रभाव डालने वाली गतिविधियों को रोकने में भी प्रशासन की मदद करेगी समिति द्वारा थानाधिकारी महोदय से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और अपने सुझावों से अवगत कराया गया। सोसायटी द्वारा प्रशासन को हॉस्टल संचालक में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया जा सके साथ ही साथ कोचिंग एरिया में असामाजिक तत्वों की मौजूदगी में कोचिंग करने वाले छात्रों में पहचान करने के लिए नए तरीके सुझाव दिए। समिति की ओर से अध्ययनरत छात्रों का एक डेटाबेस तैयार करने के लिए भी पहल करने का सुझाव दिया गया यह डाटा बेस छात्रों और पुलिस प्रशासन के बीच आपसी विश्वास का और सहयोग का कार्य करेगा वही माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों का भी चिंहिकरन करेगा। कोचिंग क्षेत्र में मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध करवाने के लिए समय-समय पर कैंपों का आयोजन तथा सोशल एक्टिविटीज करने के लिए भी सोसाइटी से लोगों ने अपनी बात रखी। सोसायटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कोटा हॉस्टल वेलफेयर सोसाइटी जिसके सदस्य हॉस्टल एवम उससे सम्बन्धित कार्य से जुड़े सभी व्यक्ति है और जिनकी आजीविका का मुख्य साधन ये व्यवसाय है।



हमारी पूर्व (वर्ष 2020) से संचालित संस्था में आज की परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन किया गया है और उसको कोटा हास्टल वेलफेयर सोसाइटी में मर्ज किया गया है जो की एक गैर लाभकारी संगठन हैं और जिसका क्षेत्र पूरा कोटा शहर है। शिष्टाचार भेंट मेंउपाध्यक्ष जितेंद्र जैन, सचिव जितेंद्र विजय, कोषाध्यक्ष दिनेश गोस्वामी, संयुक्त सचिव भास्कर भाटिया मीडिया कोऑर्डिनेटर चेतन गुर्जर, राजू भार्गव, कुंज बिहारी नागर, मनोज नंदवाना, रोहित रोहित मीणा शिव रतन शर्मा आदि शामिल रहे।

## विधायक कृपलानी ने किया मोक्ष धाम का निरीक्षण

# विभिन्न विकास एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए नगर परिषद अधिकारी को दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** नगर के नीमच मार्ग स्थित मोक्ष धाम परिसर का मंगलवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने निरीक्षण कर नगर परिषद के सहायक अभियंता रिंकू सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक कृपलानी ने मोक्ष धाम में नए हॉल निर्माण के साथ ही स्नानघर एवं पानी की टंकी, शौचालयों के जीर्णोद्धार तथा मोक्ष धाम परिसर के रंगाई पुताई के निर्देश दिए।

इस दौरान पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप मोदी, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन गुप्ता, सुरेश खेरोदिया, नगर महामंत्री कमलेश बनवार, प्रवक्ता सुनील चाष्टा, क्रेता व्यापार संघ अध्यक्ष नानालाल भूतड़ा, समाजसेवी सुरेंद्र डूंगरवाल, संजय सुराणा आदि मौजूद रहे।

# नई टेक्नोलॉजी के साथ प्राचीन ज्ञान परंपरा को भी आगे लायें : डॉ. माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** ओरो यूनिवर्सिटी,सूरत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में कोटा यूनिवर्सिटी के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग की एचओडी डॉ.मीनू माहेश्वरी पैनल चर्चा की मुख्य वक्ता रही। यह अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस रोडमैप फोर एन इन्कलूसिव, सस्टेनेबल एंड टेक्नोलोजिकल एडवांस्ड फ्यूचर विषय पर रही। कॉन्फ्रेंस की पैनल चर्चा में डॉ. मीनू माहेश्वरी, त्रिपल आईटी लखनऊ के डॉयरेक्टर प्रो. अरूण मोहन शोरी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. सुजित कुमार दुबे, एनआईटी, सूरत के प्रो. हेमन्त बलसारा, जगन्नाथ विवि के पूर्व कुलपति प्रो. नवीन माथुर, यू.ए.ई. से सुधीर राना तथा प्रो.अशोक कुमार गुप्ता पूर्व प्राचार्य गवर्नमेन्ट गर्ल्स कॉलेज कोटा रहे। डॉ माहेश्वरी ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हमें विश्व गुरू बनाने के लिए टेक्नोलॉजी में एडवांसमेंट के साथ ही प्राचीन ज्ञान परम्परा को भी देश के विकास हेतु आगे लाना होगा। विकसित भारत-2047 के लिये भारत के सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट के लिए सभी संसाधनों का सदुपयोग करते हुए सभी वर्गो को साथ लेकर चलना होगा। उन्होने कहा कि ऐसी योजनाओं पर काम हो, जिससे हाशिए पर रहने वाले व्यक्ति को रोजगार मिले संसाधानों पर सभी वर्गो का समान अधिकार हो। हमें ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढाना होगा। शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट, वित्तीय समावेशन, सामाजिक सुरक्षा योजना, पर्यावरण संतुलन, कृषि को प्रोत्साहन आदि पर तेजी से काम करने होंगे।



# किशनगढ़ के गांधीनगर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## मोबाईल की दुकान मे लूट की वारदात का किया पर्दाफाश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में हनुमानगढ़ मेघा हाइवे हत्रु पेट्रोल स्थित श्याम मोबाइल की दुकान मे आरोपियों ने वारदात को अंजाम देते हुए मोबाइल की दुकान से 1.86लाख रूपये की नकदी और 4 मोबाईल फोन लेकर बदमाश फरार हो गए थे, जिस पर गांधीनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से लाखो रूपये की नकदी और चार मोबाईल फोन जिसको जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार लिया गया। यह पूरी वारदात दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे अपराधियों की तस्वीर कैद हो गई थी, जिससे पुलिस ने बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार किया। गांधीनगर थाना प्रभारी संजय शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। गांधीनगर थाना पुलिस फिलहाल जुटी मामले की जाँच शुरू कर दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया है। जिसमें आरोपी भड़स्या निवासी मनीष और ढाणी मोहनपुरा निवासी सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया है । गांधीनगर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखो रूपये की नकदी और चार मोबाईल फोन जिसको जप्त कर लिया। गांधीनगर थाना पुलिस फिलहाल आगे मामले की जाँच शुरू कर दी गई।



# जल संरक्षण की मुहिम में जनजागरूकता के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : अभिषेक खन्ना

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, मीडिया राउंड टेबल का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 17 जून को अजमेर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा करने एवं जन जागरूकता बढ़ाने के लिए मंगलवार को जिला परिषद में मीडिया राउंड टेबल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना द्वारा जल संरक्षण एवं जल संचय के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई गतिविधियों, नवाचारों एवं आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। राउंड टेबल के दौरान अभियान की प्रगति को जनसामान्य तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री खन्ना ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे टांके, बावड़ियां, जोहड़, कुएं एवं तालाबों की साफ सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के सहयोग से विभिन्न जल संरचनाओं को चिह्नित कर उन्हें पुन: उपयोग लायक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व इन जल स्त्रोतों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इससे वर्षा जल का समुचित संग्रहण हो सकेगा और जल स्तर में सुधार होगा। इसी क्रम में निगम क्षेत्र में 14 बावड़ियों की सफाई तथा आनासागर सहित कुल 28 जल स्त्रोतों की सफाई एवं पौधारोपण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक ब्लॉक में पुरानी बावड़ियों को चिह्नित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। खन्ना ने बताया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने के लिए त्रिदिवसीय श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा एवं प्रभात फेरियों ने जनजागरूकता को नई दिशा दी। इसी प्रकार नरेगा योजना के माध्यम से जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। और अजमेर जिले के 9 ब्लॉक अतिदोहन की स्थिति में हैं। यहां ग्राउंड वाटर रिचार्ज अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जीआईएस आधारित योजना बनाकर टांके, एनिकट जैसे जल संचयन स्त्रोत विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में के उद्देश्य पर कार्य करते हुए हजारों कार्यों की पहचान कर उन्हें राज्य सरकार को प्रस्तावित किया गया है। खन्ना ने मीडिया से आह्वान किया कि वे इस जन आंदोलन का भाग बनकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनसामान्य को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा अभियान की सकारात्मक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने से जनभागीदारी को नई ऊर्जा मिलेगी और यह अभियान वास्तविक अर्थों में सफल हो सकेगा। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक भानू प्रताप सिंह गुर्जर, जल संसाधन विभाग के तकनीकी सलाहकार शलभ टंडन सहित अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।



# रामगंजमंडी मे बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का अल्टीमेटम

## शहर से लेकर गांव तक बिगड़ी बिजली व्यवस्था नहीं सुधारी तो सड़को पर उतरेंगे कांग्रेसी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमंडी ( नि.स. )।** उपखण्ड में लगातार हो रही बिजली कटौती को कांग्रेस बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। कांग्रेस जल्द ही इसको लेकर उपखण्ड स्तरीय धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल ने कहा बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं। भाजपा की सरकार में व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बिगड़ी बिजली व्यवस्था से किसान भी परेशान है। साथ ही जगह जगह झूलते तार हादसों का कारण बने हुए है। दिनभर बिजली की ट्रिपिंग और मेंटिनेंस के नाम पर बार बार बिजली गुल होने से आमजन परेशान हो रहा है। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीना -गुड्डू ने बताया कि आगामी 5 दिनों में उपखण्ड की बिजली व्यवस्था में सुधार नही किया जाता है तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि 20 जून को शहर के अंबेडकर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद बिजली विभाग अधिकारियों को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



# अधेड़ महिला से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल,ग्रामीणों की भीड़ के बीच कुछ लोग महिला से कर रहे गाली गलौज और मारपीट



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के आमेट थाना क्षेत्र के टीकर गांव में एक अधेड़ महिला से चार-पांच लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार यह वीडियो करीब सात दिन पुराना है जिसमें कुछ लोग महिला को सड़क पर गिरकर उसके साथ लातों और घूँसो से मारपीट कर रहे हैं। टीकर गांव की रहने वाली अधेड़ महिला गहरी बाई का कहना है की इन दबंगों ने उसे सामाजिक बहिष्कार भी कर दिया है। इसका कारण पूछने का पर आरोपियों ने उसके पुत्र के साथ भी जानवरों की तरह मारपीट की और उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मौजूद है।मारपीट करने वाले लोग स्थानीय ग्रामीण और उनके साथ समाज के अध्यक्ष भी शामिल है। मारपीट का कारण पुरानी रंजिश बताया गया है। इस मामले में आमेट थाने पर भी शिकायत दी गई थी लेकिन उसे पर कार्रवाई नहीं होने के बाद यह अधेड़ महिला अपने पुत्र लक्ष्मण के साथ राजसमंद एसपी के सामने पेश हुई और सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार का कहना है करीब आधा दर्जन दबंग की गुंडागर्दी के चलते उनके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। आरोपियों द्वारा पीड़ित परिवार को धमकी दिए जाने के ऑडियो और वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग भी पीड़ित के पास मौजूद है जिसके आधार पर उन्होंने एसपी से सुरक्षा की मांग की है।

# गन्दगी देख मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने खुद झाडू उठाकर की सफाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत रजौरा कलां पंचायत समिति सैपऊ के गांव में औचक निरीक्षण किया एवं सफाई कार्यो को मौके पर देखकर ग्रामीणों से सफाई कार्यो की जानकारी ली। मौके पर गन्दगी देख अधिकारी एवं कर्मचारियों पर नाराजगी दिखाई एवं खुद ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग पर हाथ में झाडू उठाकर सफाई शुरू की। उनके साथ गये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व ग्रामीण जनों ने भी सफाई की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा लोगों को भी समझाया गया कि आप लोग घर का कचरा नाली एवं रोड़ पर ना फैके एवं ना ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें क्योकि प्लास्टिक का जीवन लगभग 500 वर्ष का है। प्लास्टिक से जीव जन्तु व पर्यावरण को कई नुकसान है इसके उपयोग से आये दिन नई-नई बीमारियाँ पैदा हो रही है एवं गाय व अन्य पषु-पक्षी इसे खाकर बीमार होकर मर रहे है इसका प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। साथ ही गांव की नालियां-नाले, कुंआ, बावडी, तालाब एवं नदियां दूषित हो रही है व जलीय जीवों के लिए भी जान का खतरा बन रही है। इन सब जीवों की मृत्यु होने में मनुष्यों द्वारा प्लास्टिक का उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग कही ना कही इन निर्दोश प्राणियों की जा रही जान में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जिम्मेदार है। क्यों ना हम सब मिलकर गंदगी को खत्म करें एक जन अभियान के रूप में सभी कार्य करे वर्तमान में ग्राम पंचायतों द्वारा सफाई की निविदाए जारी की गई है। जिनके माध्यम से गांवों की सफाई कराई जावें इस मौके पर अधिषाषी अभियन्ता गोपेष मीना, अधिषाषी अभियन्ता प्रेमचन्द वैरवा, अधिषाषी अभियन्ता अषोक वर्मा सहित ग्राम विकास अधिकारी अनेक सिंह ग्राम पंचायत रजौरा कलां एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# परिवार को बिना बताए किया विवाहिता का अंतिम संस्कार : पीहर पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप, ससुराल पक्ष फरार

बढ़ता राजस्थान



**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी क्षेत्र के गांव सिहौली में शनिवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । ससुराल पक्ष के लोगों ने बिना पीहर पक्ष को सूचना दिए विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीहर पक्ष ने बसेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के भाई मनीष पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी टहरकी थाना सेवर ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बहन कोमल की शादी 11 मार्च 2024 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र धर्मवीर निवासी सिहौली थाना बसेड़ी के साथ हुई थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार 11 लाख रुपए नगदी, 11 तोला सोना और सभी सामान दहेज के रूप में दिया। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल के लोग एक राय होकर उससे दहेज में एक बोलेरो गाड़ी लेने की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वे लोग कोमल को कमरे में बंधक बनाकर भूखी प्यासी रखने लगे। कोमल ने अपने घरवालों को यह बात बताई तो पीहर पक्ष ने समझाइश करते हुए कहा कि हमारे पास बोलेरो गाड़ी देने की क्षमता नहीं है। उन्होंने बोलरो की जगह ससुराल वालों पांच सोने की मोहर, दो तोला सोने की एक लर और एक भैंस दे दी। इसके बाद कुछ दिनों के लिए उन्होंने कोमल को सही रखा। इसी बीच उसने एक बेटे शिवांश को जन्म दिया। बेटे के जन्म के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग फिर से उसे दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। शनिवार रात उसे मारकर आनन-फानन में ही पीहर पक्ष को सूचना दिये बगैर ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। सुबह जब पीहर पक्ष के लोगों को पता चला तो वह गांव सिहौली पहुंचे। जब तक ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, सीओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया और मृतिका के भाई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आमजन की अधिकतम भागीदारी के साथ हो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन आमजन की अधिकतम भागीदारी के साथ किया जाये। जिला कलक्टर ने 21 जून को जिले में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम ऐतिहासिक सरोवर मचकुण्ड परिसर में प्रातः 6.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी विभागों की भागीदारी रहेगी। आमजन के साथ-साथ समस्त अधिकारी भी अपने कर्मचारियों के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आर्युवेद विभाग को योग दिवस के मद्देनजर समस्त तैयारियां करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि उपखंड और ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को योग के प्रति जागरूक करें। जिला कलक्टर ने बताया कि आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के ''योग संगम'' पोर्टल के साथ ही राज्य सरकार के आयुष विभाग ने योग पोर्टल विकसित किया है। इस पर सभी ग्राम पंचायत से जिला स्तर के नोडल अधिकारी अपने योग स्थल का ऑनलाइन पंजीयन कर योग दिवस पर अभ्यासियों

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए




की संख्या व फोटो अपलोड करेंगे। जिले में आयोजित योग दिवस के समस्त कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सभी चिकित्सालय, औषधालय एवं आयुष्मान् आरोग्य मंदिरों में योग दिवस आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही बैठक में उन्होंने महत्वपूर्ण बांधों के गेट पर मानसून पूर्व ग्रीसिंग के कार्य कराए जाने हेतु जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लम्बित भौतिक सत्यापनों को पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 जून को होने वाली ग्राम सभा में आमजन को योग दिवस में शिरकत करने और पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के संबंध में जानकारी दी जाए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# वंदे गंगा जल जीवन जल अभियान का नहीं आमजन को लाभ

## गाँव के रास्ते में भरा पानी, महिला पुरुष बच्चे हो रहे चोटिल

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** राज्य सरकार की ओर से वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है उपरांत इसके भुसावर पंचायत समिति अधीन ग्राम पंचायत छौकरवाड़ा कलां के छौकरवाडा खुर्द गाँव के बार्ड नम्बर 12-13 के महेन्द्र कोली के मकान से लेकर श्रीराम पटेल के घर तक सम्पूर्ण रास्ते में पानी भरने से रास्ता बाधित हो गया है। संपूर्ण रास्ते में निकालने के लिए पानी में होकर ही गुजरना पड़ता है । पूर्व वार्ड पंच भूरी सिंह गुर्जर ने बतलाया कि रास्ते से निकलने पर आए दिन महिला, पुरुष बच्चे चोटिल होते रहते है। पानी निकास नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच से गत काई माह से नाली सफाई करने की गुहार लगाने के उपरांत भी अभी तक नालिया साफ नहीं हुई है नालिया अगर साफ हो जाती है तो पानी की समस्या का समाधान हो सकता है।

### इनका कहना है

छौकरवाडा खुर्द गांव के रास्तों में सड़के बनी हुई है इंटरलॉकिंग लगी हुई है महेंद्र कोहली के मकान से श्री राम पटेल के मकान तक जो रास्ता है उसमें पानी भरा रह जाता है सड़क नीची है सड़क के सहारे बनाई गई नालियां ऊंची है उसके उपरांत जेजेवाई के तहत पाइपलाइन डालने के लिए संवेदकों द्वारा रास्ते को खोदने से




सड़क की स्थिति अधिक खराब हो गई है जिस जगह पानी भरा हुआ है उसके पास में ही पोखर है स्थानीय लोगों द्वारा पानी को पोखर तक निकलने में सहयोग नहीं करने के कारण भी यह स्थिति उत्पन्न हुई है, ग्रामीण के सहयोग से जल्दी ही समाधान करने की कोशिश की जाएगी।

**वनयसिंह मीणा,**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत छौकरवाडा कलां**

# स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों ने महिलाओं की मदद से चादर लगाकर डिलीवरी करवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भरतपुर रेलवे स्टेशन ट्रेन से उतरते ही महिला के लेबर पेन प्रारंभ हो गए जिससे करते हुए महिला प्लेटफार्म पर ही लेट गई महिला की आरपीएफ के जवानों ने महिला यात्रियों के सहयोग से चादर का पर्दा बनाकर डिलीवरी कराई महिला ने बच्चों को स्टेशन पर ही जन्म दिया जन्म देने के बाद महिला को एंबुलेंस की सहायता से जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना प्लेटफार्म नंबर दो पर रात 3.00 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अकेली थी वह जिले के हेलक गाँव में अपने पीहर जा रही थी पूछने पर बताया कि उसका नाम शलगम और नीतू कौर है वह प्रयागराज की रहने वाली है गर्भवती है सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते ही उसके पेट में दर्द हुआ। इस दौरान [illegible] के जवान चादर लेकर आए और उन्होंने महिला को चादर का कवर बनाकर उसे कवर किया। आसपास मौजूद महिलाओं से मदद मांगी। महिला और नवजात दोनों स्वस्थ है। एम्बुलेंस भी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। एम्बुलेंस स्टाफ रंजीत सिंह ने भी डिलीवरी में मदद करवाई।

जिसके बाद महिला की सुरक्षित डिलीवरी हुई। महिला ने लड़के को जन्म दिया। इसके बाद महिला को जनाना अस्पताल भेजा गया। जनाना अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, महिला और नवजात स्वस्थ है। महिला के परिजन भी अब पहुंच चुके हैं।

# पेंशनर्स की शिकायतों के निवारण हेतु शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पेंशनर्स की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे जन्मतिथि निर्धारण, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के त्वरित समाधान हेतु दिनांक 25 जून 2025 को प्रातः 10.00 बजे से कोष कार्यालय, राजसमन्द में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, उदयपुर द्वारा जिला कोष कार्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पेंशनधारकों की लंबित परिवेदनाओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है।जिला कोषाधिकारी, राजसमन्द ने जिले के समस्त पेंशनर्स से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे उनका समाधान शीघ्रता से किया जा सके। शिविर में उपस्थित अधिकारीगण द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण किया जायेगा।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एक क्रांतिकारी,जनहितकारी योजना

# वृक्षारोपण से प्राणवायु का होता है संचार : स्वामी हरि चैतन्य

बढ़ता राजस्थान

**कामां/डीग/भरतपुर ( यतेन्द्र गुलपाडिया )।** तीर्थराज विमल कुंड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एवं श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रारंभ की गई वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान योजना की प्रशंसा करते हुए इसे जल संरक्षण के लिए एक क्रांतिकारी व जनहितकारी योजना बताया। उपस्थित विशाल जन समुदाय से व प्रांत के सभी स्थानीय नागरिकों का आवाहन भी किया कि सभी इस महान योजना के क्रियान्वत व सफलता में अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें। प्राचीन कूपों, सरोवरों, जल स्रोतों व पर्यावरण के संरक्षण में सहायक सभी केंद्रों के पुनर्स्थापन,संरक्षण व संवर्धन में सहयोगी बनें । सरकार द्वारा प्राप्त की गई इस योजना को भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जल है तो कल है। जलस्तर का निरंतर घटते जाना भविष्य के लिए चिंता का विषय है। तालाबों की सफाई, वर्षा जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जल स्रोतों की सफाई में अपना सहयोग अवश्य दें। शासन व प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का भी एक सुयोग्य नागरिक बनकर पालन अवश्य करें।

### पर्यावरण संरक्षण एक पुनीत कार्य

पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है । ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है । समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा। हम सभी भगवान शिव के अभिषेक, पूजन, वंदन व व्रत इत्यादि के साथ-



साथ सघन वृक्षारोपण भी करें । भगवान शिव का ही एक स्वरूप है वृक्ष। जैसे भगवान शिव ने सारी दुनिया को अमृत बाँटा व स्वयं हलाहल विष का पान किया । वृक्ष भी सभी को ऑक्सीजन का अमृत बांट रहे हैं व स्वयं कार्बन डाइऑक्साइड लेकर विष का पान कर रहे हैं । वृक्ष और शिव एक समान, दें अमृत करते विषपान।

# नाथद्वारा के दीपक बागोरा ने रचा इतिहास

## लोंग टेनिस की इंटरनेशनल टीम में हुआ चयन

उबढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। नाथद्वारा के दीपक बागोरा ने लोन टेनिस की अंतरराष्ट्रीय टीम में चयनित होकर नगर की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व की प्रतीक्षा दीपक को खत्म कर दिया है । दीपक यूरोप के पुर्तगाल में आयोजित लॉन टेनिस की वर्ल्ड चैंपियनशिप में जगदीश तंवर की कप्तानी में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । दीपक उदयपुर संभाग के पहले खिलाड़ी है जो इंटरनेशनल स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे इस लेकर पूरे नगर में खुशी का माहौल है वहीं नगर के कई संगठनों ने भी इस उपलब्धि पर दीपक का स्वागत किया। दीपक बागोरा ने बताया कि उन्होंने कभी सोचा भी नही था कि इतनी जल्दी वे इस मुकाम को हासिल कर लेंगे, उन्होंने चार पांच वर्ष पूर्व टेनिस खेलना शुरू किया था इसके बाद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जगदीश तंवर ने उन्हें प्रोत्साहित किया जिसके बाद वे इस खिताब के लिए मेहनत करने लगे। वहीं उन्होंने नगर में अंतरराष्ट्रीय टेनिस कोर्ट बनाने के लिए पूर्व विधायक डॉ सीपी जोशी का भी आभार व्यक्त किया, बागोरा ने बताया कि पिछले साल जयपुर में उन्होंने पहली प्रतियोगिता जीती थी जिसके बाद लगातार आईटीएफ की प्रतियोगिताऐं जीतते हुए यह मुकाम हासिल किया। वहीं प्रवीण सनाढ्य ने बताया कि दीपक बगोरा का खेल के प्रति



जुनून, मेहनत और अदम्य साहस एक प्रेरक मिसाल है, उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि अगर दिल में जुनून हो, तो उम्र कभी आड़े नहीं आती। दीपक बागोरा ने खेल जगत में नाथद्वारा का नाम विश्व पटल पर चमकाया है । नाथद्वारा जैसी छोटी सी जगह में सीमित संसाधन होने के बावजूद कडी मेहनत व लगन से नाथद्वारा का नाम पूरे भारतवर्ष के टेनिस जगत में रोशन किया है ।दीपक ने एक वर्ष में 6 बार [illegible] खिताब जीते ओर अब वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे इससे पूरे नगर में उत्साह का माहौल है ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को राजसमंद में

# राजसमंद झील का करेंगे पूजन, भिक्षु निलयम में जनसभा को करेंगे संबोधित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 18 जून बुधवार को राजसमंद दौरे पर रहेंगे। वे प्रातः 10.50 पर पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से 10.55 पर प्रस्थान कर 11.00 बजे नौ चौकी पाल पहुंचेंगे।

यहां वे राजसमंद झील का पूजन कर 11.20 पर प्रस्थान कर 11.25 पर सौ फीट रोड स्थित भिक्षु निलयम पहुंचेंगे। और यहां वे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कार्यक्रम एवं सभा को संबोधित करेंगे। और यहां से 12:15 पर हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जिले के कई इलाकों में हुई बारिश, मौसम हुआ सुहावना

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिले के कई इलाकों में शाम बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। सुबह से जिले के कई इलाकों में धूप नहीं निकली थी। शाम करीब 4 बजे तेज ठंडी हवाओं के साथ बारिश हुई। जिसके बाद लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, पिछले कई दिनों पड़ रही गर्मी से लोगों का बेहाल था। शाम करीब 3 बजकर 30 मिनट पर अचानक मौसम ने करवट ली।आसमान में जोरदार बिजली कड़कने लगी। ठंडी हवाएं चलने के सिथ बारिशका दौर शुरू हो गया। तापमान में गिरावट के कारणलोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, बारिश के बाद से ठंडी हवाओं का दौर जारी है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

मंगलवार 17 जून को मानसून पूर्व की हुई पहली बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे 60 वर्षीय किसान रामनिवास गुर्जर की मौत हो गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे बयाना उपखंड क्षेत्र के गांव कपूरा ढहर निवासी किसान के शव को बयाना अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# अल्टो कार में 2 किलो से अधिक अवैध अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2 किलो 23 ग्राम अवैध अफीम को जब्त कर जालौर जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत अधिकाधिक कार्यवाही करने के लिए एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह के मार्गदर्शन, डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन एवं थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा राम सुमेर पु.नि. के निर्देश पर सोमवार को कन्हैया लाल उप निरीक्षक ईन्चार्ज थाना कोतवाली निम्बाहैडा व पुलिस जाप्ता हैड कानि हरविन्दर सिंह, कानि. रणजीत, राकेश, विजयसिंह, रामकेश, हेमन्त व बहादुर सिह द्वारा कल्याणपुरा ओवर ब्रिज के नीचे सरहद पिपलिया कलां पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान नीमच की तरफ से अल्टो कार आई जिसको बामुश्किल रोका जाकर अल्टो कार की तलाशी ली गई तो 04 पारदर्शी प्लास्टिक की थैलियो मे भरी अवैध अफीम का कुल वजन 2 किलो 23 ग्राम मय प्लास्टिक की थैलियो के अवैध अफीम जप्त किया जाकर आरोपी जालौर जिले के करडा थानांतर्गत करवाडा निवासी 32 वर्षीय देवीलाल पुत्र वीराराम बिश्नोई व जालौर जिले के करडा थानांतर्गत मोखातरा निवासी 32 वर्षीय बाबुलाल पुत्र भारमल बिश्नोई को गिरफतार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# नशे के जुगाड़ के लिए चुराई यूपीएस की बैटरिया

## पुलिस ने कबाड़ी सहित तीन आरोपियो को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कस्बे के गढ़चैक स्थित एसबीआई बैंक कार्यालय की छत से चुराई गई यूपीएस की बैटरिया प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी गई 14 बैटरियो के साथ तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक टेंम्पो को जप्त किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि 11 जून को बैंक शाखा प्रबंधक की ओर से पुलिस को परिवाद मिला था। जिसमें बताया था कि एसबीआई कार्यालय की छत पर यूपीएस के बैटरिया लगी हुई थी। 11 जून को 10 बजे कार्यालय खुलो गया। यूपीएस चलाने पर पता चला कि यूपीएस कार्य नहीं कर रहा है। उन्होने मैकेनिक को बुला कर जॉच करवाई तो पाया कि यूपीएस की बैटरिया गायब है। जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। जिसकी किमत करीब एक लाख,70 हजार की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जिस पर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी प्रकरण में सद्दाम उर्फ गोगा पुत्र गुलशेर(34) निवासी वार्ड़ 12 शिवपुरी कॉलोनी नैनवां,अमजद खान उर्फ मिथुन पुत्र अब्दुल रहमान (25) निवासी वार्ड़ 11 देईपोल नैनवां,मुन्ना भाई पुत्र ईस्माईल (35) निवासी राजीव कॉलोनी नैनवां,शोयब पुत्र शहजाद (24) निवासी जामा मस्जिद के पास नैनवां को गिरफ्तार किया है। जिसमें शोयब कबाड़ी का धंधा करता है। जिसने चोरी का माल खरीद किया जाने पर गिरफ्तार किया है। नशे का जुगाड़ के लिए करते है,चोरिया- एसबीआई बैंक शाखा के कार्यालय की छत से चुराई गई बैटरिया चोरी प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियो से जब पुलिस ने पुछताछ करने पर पाया कि आरोपी नशेड़ी है। जो नशा करने के लिए चोरिया करते है। आरोपियो से ओर भी चोरिया खुलने की संभावना है। पुलिस ने आरोपियो को न्यायालय में पेश किया जहां तीनो आरोपियो को न्यायलय ने जेल भेज दिया।

# बजरी माफियाओं का आतंक, गश्त कर रहे पुलिस वाहन को ट्रैक्टर से मारी टक्कर, सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला रविवार रात है, जब बनास नदी में अवैध बजरी परिवहन की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस की 112 गश्ती कार पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि, गनीमत रही कि कार में सवार सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, एक महीने पहले इसी इलाके में हुई कार्रवाई के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी को सस्पेंड किया गया था। बावजूद इसके अवैध बजरी खनन थमने का नाम नहीं ले रहा।

**ग्रामीणों ने बताया :** ग्रामीणों से मिली सूचना के अनुसार, शिवाड़ की ओर से पुलिस की 112 कार बनास नदी पर पहुंची। जहां बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बजरी भरी जा रही थी। इसी दौरान पीछा करते हुए एक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिस की गाड़ी पर पलट गई। पुलिसकर्मी अपनी क्षतिग्रस्त कार को लेकर वापस शिवाड़ लौटे व दूसरी गाड़ी से जब दोबारा मौके पर पहुंचे तो माफियाओं ने ट्रॉली को सीधा कर मौके से भगा दिया व उसे पुलिस चौकी तक नहीं पहुंचने दिया।

**क्या है ग्रामीणों का आरोप :** ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मी बजरी निकालने की एवज में माफियाओं से 'एंट्री' लेते हैं और जब कोई 'एंट्री' नहीं देता तो उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। हालांकि, पुलिस इन सभी आरोपों से इंकार कर रही है। चौथ का बरवाड़ा थाना प्रभारी हीरालाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में ट्रॉली के गाड़ी से टकराने का कारण रास्ते का सकरा होना बताया गया है।

## भावी पीढ़ी की आकांक्षाओं, सपनों और संकल्पों का केन्द्र बनेगा केन्द्रीय विद्यालय : बिरला

# बून्दी को मिली नई सौगात, बिरला ने केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बून्दी स्थित केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षाओं, सपनों और संकल्पों का केंद्र है। यह विद्यालय विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देगा, बल्कि उन्हें संस्कार, विचार और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा। बिरला ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल परीक्षा केंद्रित न रहें, बल्कि जीवन मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा की भावना से आगे बढ़ें। उन्होंने आशा जताई कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि खेलों में भी बून्दी और राजस्थान का गौरव बनेगा। उल्लेखनीय है कि बीते एक दशक से यह विद्यालय पुराने राजकीय विद्यालय में संचालित था, जिसमे करीब 400 विद्यार्थी ही अध्ययनरत थे। अब 23.47 करोड़ की लागत से तैयार आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस नवीन भवन में 960 विद्यार्थियों को दाखिला मिल सकेगा। इससे ऐसे कई विद्यार्थी भी केंद्रीय विद्यालय में पढ़ सकेंगे, जिनको पूर्व में स्थान के अभाव में दाखिला नहीं मिल पाता था। फरवरी 2023 में स्पीकर ओम बिरला ने इसका शिलान्यास किया था।

### बच्चों की शिक्षा को रूचिकर बनाएं : नागर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इस अवसर को क्षेत्र के बच्चों के भविष्य की नींव बताते हुए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे मिलकर बच्चों को अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित करें और उनकी शिक्षा को रुचिकर बनाएं, ताकि विद्यालय में मिलने वाली अच्छी शिक्षा और संस्कारों से बच्चों को सफलता के लिए तराशा जा सकें। समारोह में पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रतिनिधि व विद्याल के शिक्षकगण मौजूद रहें।



### पीएम श्री विद्यालय के रूप में करेंगे विकसित

बिरला ने कहा कि यह विद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 'पीएम श्री विद्यालय' योजना के तहत विकसित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी का यह स्पष्ट दृष्टिकोण है कि देश का हर विद्यार्थी बदलती वैश्विक तकनीक, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे रहे। इसी सोच के अनुरूप यह विद्यालय भविष्य में तकनीक, अनुसंधान, कौशल विकास और नवाचार का सशक्त केंद्र बनेगा। विद्यालय में अब कक्षा 11 की स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को घर के पास ही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा सुलभ होगी।

# ठाकुरजी के श्रीनाथ स्वरूप ने वेदपीठ को श्रीनाथ जी की नगरी निरूपित किया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** संभवत: संपूर्ण मेवाड़ और प्रदेश में कल्लाजी वेदपीठ ही ऐसा स्थान हैं, जहां कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुरश्री कल्लाजी अपने भक्तों को उनके आराध्य के विभिन्न स्वरूपों में दर्शन देकर न केवल धन्य कर रहे बल्कि कल्याण नगरी को भक्ति की नगरी के साथ देश के वैदिक मानचित्र पर अनुठी पहचान बनाने में नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए आतुर हैं। इसी कड़ी में 20 वें कल्याण महाकुंभ के सप्तम दिवस मंगलवार को वेदपीठ पर विराजित ठाकुरजी का वेदपीठ के कुशल आचार्यों गोपाल शर्मा, त्रिलोक शर्मा सहित अन्य पंडितों एवं बटुकों ने कड़ी मेहनत एवं पूरी लगन के साथ ठाकुर जी को श्रीनाथ स्वरूप में श्रंगारित कर भक्तों को दातों तले अंगुलियां दबाने पर विवश कर दिया। सैकड़ों भक्तों ने श्रंगार दर्शन में ठाकुरजी के श्रीनाथ स्वरूप में मनोहारी दर्शन कर स्वयं को धन्य किया। इतना ही नहीं वेदपीठ पर विराजित सभी पंचदेवों का मनभावन श्रृंगार और सतरंगी फूलों की झांकी ऐसे शोभायमान लग रही थी, मानो श्रीनाथ जी नवीन मनोरथ के साथ कल्याण नगरी में पधार गए हो।

**श्रीनाथ जी का छप्पनभोग धराया ठाकुरजी को :** कल्याण महाकुंभ के सप्तम दिवस जहां ठाकुरजी को श्रीनाथ जी का स्वरूप धराया गया, वहीं उन्हें श्रीनाथ को



न्यौछावर किए जाने वाले नाथद्वारा के पाक शास्त्रियों द्वारा तैयार किए गए नानाविध मिष्ठान एवं चटपटे व्यंजनों के 201 थाल अर्पित कर सजाई गई छप्पनभोग की झांकी भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। श्रीनाथ जी के स्वरूप के साथ उन्हीं पसंद के भोग ने भक्तों के लिए दर्शन द्विगुणित हो गए। इसी प्रकार षष्ठम दिवस भी विद्वान आचार्यों की मेहनत एवं प्रभु की कृपा के अनुरूप ठाकुरजी का जगन्नाथ स्वरूप और वहीं उनके प्रिय छप्पनभोग की झांकी भक्तों के लिए अनुठी और यादगार बन गई।

**श्रीराम महायज्ञ में सहस्त्र नामावली के साथ यजमानों ने दी आहूतियां :** कल्याण महाकुंभ के तहत सिद्धाश्रम तीर्थ के श्रीराम यज्ञ मंडप में पंचम दिवस लगभग 300 यजमान युगलों ने शाकल्य एवं गो घृत की आहूतियां देते हुए सर्वत्र खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की।

**इंडियन आइडल की वैशाली और वॉयस ऑफ इंडिया के सुमित आज देंगे मनभावन भजनों की प्रस्तुति :** महाकुंभ के अंतिम चरण में बुधवार रात्रि को श्रीराम धाम कथा मंडप में ठाकुरजी की संध्या महाआरती के पश्चात इंडियन आइडल फेम वैशाली रायकवार अपने भजनों, सजा दो घर को और लगन तुमसे लगा बैठे जैसे मनभावन भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण बनाते हुए रसिक श्रोताओं को अपने ही अंदाज में भक्ति सरोवर में गौते लगाने के लिए विवश करेगी।

# विधायक कोठारी ने चित्तौड़-जयपुर हाईवे पर भीलवाड़ा में प्रवेश करने के लिए सुधार के दिए निर्देश

## शहर में प्रवेश करने वाली सड़क की देखी कमियां अधिकारियो को दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी चित्तौड़गढ़ से जयपुर नेशनल हाईवे पर भीलवाड़ा बाईपास पर पहुंचे, मण्डपिया से भीलवाड़ा शहर में प्रवेश वाली सड़क पर आ रही कमियों को सही करवाने के लिए सम्बंधित अधिकारियो व आर्कीटेक्ट के साथ मौका देखा। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि चित्तौडग़ढ़ से भीलवाड़ा शहर में आने वाले प्रवेश सड़क का काफ़ी छोटा एरिया होने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, शहर में प्रवेश करने वाली सड़क को लंबा कर बड़ा साइन बोर्ड लगाया जाए, जिससे की आने वाले यात्रियों को स्पष्ट संकेत मिले तथा प्रवेश द्वार को सूंदर, व्यवस्थित व आकर्षण बनाया जाए। इसमें समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा ने भी अपने सुझाव दिए, आपको बता दे की शहर विधायक अशोक कोठारी ने पूर्व में भी भीलवाड़ा से कोटा हाईवे पर कोटड़ी पुलिया का भी निरीक्षण कर मार्ग को सही करवाने के लिए अधिकारियो व मंत्रियो को पत्र लिखा था।

# बूंदी में फार्मासिस्ट पद सृजन हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारीसंघ (एकीकृत) शाखा जिला बूंदी की ओर से जिला कलेक्टर बूंदी को मुख्यमंत्री के नाम बूंदी जिले में विलोपित हुए फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के पद पुनः सृजित करने एवम मेडिकल कॉलेज बूंदी के संलग्न चिकित्सालय में फार्मासिस्ट ग्रेड 1एवम ग्रेड 2 के पदों को सृजित करने हेतु ज्ञापन दिया गया।संघ के जिलाध्यक्ष महावीर नामा ने बताया कि फार्मासिस्ट कैडर के वर्गीकरण के फलस्वरूप प्रदेश में फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के 858 पद विलोपित कर दिए गए है जिसमे बूंदी जिले से 18 पद शामिल है।दवाओं एवं मरीजो की संख्या में निरंतर वृद्धि एवं फार्मासिस्ट के पदों में विलोपन के कारण योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से नही हो पा रहा है। इस मौके पर फार्मासिस्ट कमलकांत नामा,रामनारायण मीणा, उमाशंकर गौतम जाकिर हुसैन,रवि गौतम,किरण जोशी,दिनेश गौतम ,देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खेती मे नवाचार कर अपनी आमदनी को बढ़ाये किसान : लोकसभाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** लोकसभाध्यक्ष ओम बिडला व स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जिले के प्रभारी व उर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी कुंवारती मे 11 करोड के विकास कार्यो व 13 करोड की लागत से होने जा रहे विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इस दौरान लोकसभाध्यक्ष के कृषि उपज मंडी कुंवारती पहुचने पर आढतियां संघ, हम्माल संघ, मुनिम संघ सहित तोल संघ द्वारा ढोल नगाडो व पूष्पवर्षा के साथ अगवानी की।

जिसके बाद मंडी परिसर मे आयोजित समारोह मे आढतियां संघ, मुनीम संघ व हम्माल संघ के द्वारा द्वारा लोकसभाध्यक्ष को 51 किलो के फूलो की माल पहनाकर साफा बंधवाई की। इस दौरान स्वायत शासन मंत्री, उर्जा राज्य मंत्री व लोकसभाध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। संबोधन के बाद लोकसभाध्यक्ष ने बटन दबाकर 11 करोड के विकास कार्य आमजन को समर्पित किये व राजीव गांधी कृषक सारथी योजना मे लाभान्वितो को चैक वितरित किये। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, सभापति सरोज अग्रवाल सहित जिले के प्रधान मंचासीन रहे।

**बिडला ने मंडी मे की जनसुनवाई :** लोकार्पण समारोह के बिडला लोकसभाध्यक्ष बिडला ने कार्यक्रम स्थल पर ही जनसुनवाई की। इस दौरान किसानो ने बडी संख्या मे बिडला के सामने परिवेदनाएं प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। इस दौरान बिडला के समक्ष रामगंज पंचायत के ग्रामीणो ने पंचायत समिति द्वारा महात्मा गांधी नरेगा के काम बंद करने की शिकायत करते हुये उन्हे दोबारा शुरू करवाने की मांग की।

## जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की सहभागिता बढ़ाकर आयोजन को बनाये सफल : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि आगामी 21 जून को हर वर्ष की भांति इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह चित्रकूट धाम में आयोजित किया जा रहा है। समस्त विभागीय अधिकारी स्वयं के साथ ही आमजन की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता बढ़ाये जिससे कि जिला स्तरीय आयोजन सफल हो सके। जिला कलक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक को समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम उपखंड व ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित करवाना सुनिश्चित करे ।

**वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश :** जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 20 जून तक सभी विभाग इसमें ज्यादा से ज्यादा सहभागिता



रखते हुए अभियान की सफल क्रियान्विति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीस सूत्री कार्यक्रम एवं आशान्वित ब्लॉक कोटडी के आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करते हुए बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिए साथ ही संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए ज्यादा लंबित प्रकरण वाले विभागों को लंबित प्रकरणों का जल्द एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, मुख्य आयोजना अधिकारी सोनल राज, उपनिदेशक आयुर्वेद महाराज सिंह सहित समस्त विभाग के जिला

## प्रतिभा सम्मान समारोह 25 जून को

# 70प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी "प्रतिभा सम्मान समारोह 2025" दिनांक 25 जून 2025 को स्थानीय विश्वविद्यालय के सभागार में प्रातः 9 बजे आयोजित करने जा रहा है। मार्केटिंग डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अमित जैन ने बताया कि कक्षा 12वीं (सीबीएसई / आरबीएसई) के छात्र-छात्राएं जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, वह विद्यार्थी 20 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते है। इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये डा अमित हैं, मो. 7891050000 से सम्पर्क कर सकते है। स्थानीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना ने बताया कि भीलवाड़ा क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र की प्रतिभाओं को मुख्य धारा से जोड़ा जाये एवं अधिक से अधिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाए। इस समारोह में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शिक्षा के विभिन्न क्षेत्र एवं उपलब्ध रोजगार की जानकारी प्रदान की जायेगी। प्रोफेसर सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय के उत्तीण विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने में शतप्रतिशत सहयोग प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) राजीव मेहता ने बताया कि विद्यालय में देश-विदेश के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
10 जयपुर | बुधवार, 18 जून, 2025



"संघर्षों का सम्मान करना सीखें, क्योंकि इसी में आपकी सफलता का रहस्य छिपा रहता है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पायलट बोले- जातिगत जनगणना पर सरकार की नीयत में खोट

## अधिसूचना में गायब क्यों है जातीय गणना की बात, तेलंगाना मॉडल अपनाएं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** कांग्रेस महासचिव और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने जनगणना की अधिसूचना में जातीय गणना का जिक्र नहीं होने पर केंद्र की नीयत पर सवाल उठाए हैं। पायलट ने कहा- जातिगत जनगणना में हमें केंद्र की नीयत में खोट लग रहा है। जनगणना की अधिसूचना में सरकार ने जो घोषणा की वह बातें गायब हैं।जनगणना के लिए आठ से 10 हजार करोड़ का बजट चाहिए। लेकिन सरकार ने केवल 570 करोड़ का फंड रखा है। इन सबसे लग रहा है कि ये केवल जातिगत जनगणना को अटकाने के बहाने ढूंढ रहे हैं। सचिन पायलट दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पायलट ने कहा- सरकार ने जनगणना को लेकर जो नोटिफिकेशन जारी किया है, वह 2027 के लिए किया है। दो साल बाद जनगणना करवाने का नोटिफिकेशन निकाला है। पहले कोविड का बहाना लेकर कई साल तक जनगणना में देरी की। अब हमें लगता है जातिगत जनगणना में कहीं ना कहीं इनकी नीयत में शक है कि ये केवल बात को टालने के लिए अपने वादा पूरा नहीं करने के लिए भूमिका बन चुके हैं।

पायलट ने कहा- भारत में जनगणना बहुत पहले हो रही है। पहले की सरकारें अनुभव और संसाधन लगाकर जनगणना कराती रही हैं। अब सरकार की नीयत देखिए, जनगणना पर आठ से 10 हजार करोड़ खर्च होता है। इस सरकार ने जनगणना के लिए केवल 570 करोड़ रुपए का बजट रखा है। जिस काम के लिए आप धनराशि नहीं आवंटित कर रहे हो। जिस काम को करने के लिए मौखिक रूप से हां बोल दिया। लेकिन उसकी शुरुआत 2027 से करना चाहते हैं। जनता में बोल रहे हैं, लेकिन जो अधिसूचना है। उसमें से वो सारी बात गायब है।

### जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को बीजपी और पीएम अर्बन नक्सली कहते थे, कांग्रेस के दबाव में मांग मानी

पायलट ने कहा- भाजपा की सरकार और मौजूदा प्रधानमंत्री ने कई बार कहा था कि जाति का जनगणना की मांग करने वाले अर्बन नक्सल हैं। बीजेपी ने जातिगत जनगणना की मांग को सिरे से खारिज कर दिया था। संसद में जब जातिगत जनगणना पर सवाल पूछा गया तो लिखित जवाब दिया कि हम लोग ऐसा नहीं करना चाहते और ना करना चाहेंगे। तमाम विरोध के बावजूद जब भाजपा सरकार को लगा के देश जागरूक हो चुका है। इस मांग को अब बहुत दिनों तक ठुकरा नहीं सकते हैं तो अचानक सरकार ने जातिगत जनगणना को स्वीकार किया और हमारी मांग को माना।

### जातिगत जनगणना का मकसद जाति जानना नहीं,हर व्यक्ति किन हालात में रह रहा उसकी जानकारी मिलेगी

सचिन पायलट ने कहा- कांग्रेस पार्टी ने जातिगत जनगणना का मुद्दा इसलिए उठाया था कि देश में किस जाति के लोग देश के किस कोने में किन हालातों में रह रहे हैं। समाज के हर तबके को सरकार की योजनाओं का कितना लाभ मिला है। सरकार की स्कीम का लाभ उठा पा रहे हैं या नहीं उठा पा रहे हैं। हम देश की वास्तविक स्थिति जान सकें कि लोग किन हालात में रह रहे हैं? कहां और काम करने की जरूरत है। कहां सफलता मिली और काम सफलता मिली है। यह पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए जाति के जनगणना बहुत जरूरी है।

### जातिगत जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाया जाए

पायलट ने कहा- तेलंगाना सरकार ने जो जातिगत जनगणना की है उसका मकसद केवल जाति जानना ही नहीं है। उसमें एक्सपर्ट, एनजीओ, सोशल साइंटिस्ट, सरकारी-गैर सरकारी जानकारों को लेकर डिटेल्ड कास्ट सेंसस किया है। सरकार को तेलंगाना मॉडल पर जातिगत जनगणना करवानी चाहिए। जातिगत जनगणना की राजनीति को बंद करके सरकार को तुरंत प्रभाव से इसे करवाना करनी चाहिए।

### सरकार ध्यान डायवर्ट करना चाहती है

पायलट ने कहा- इन्होंने महिला आरक्षण को भी लंबी समय सीमा में बांध दिया, यह कब पूरा होगा कोई नहीं जानता। सरकार केवल ध्यान डाइवर्ट करने के लिए प्रयास कर रही है। सरकार को पर्याप्त बजट आवंटित करना चाहिए।

# राजस्थान में वीडीओ के 850 पदों पर होगी भर्ती

## 19 जून से भर सकेंगे फॉर्म, 31 अगस्त को होगी परीक्षा; CE ग्रेजुएशन लेवल पास होना जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के 850 पदों पर भर्ती निकाली है। अभ्यर्थी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर 19 जून से 18 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।ग्राम विकास अधिकारी भर्ती प्रारंभिक परीक्षा 31 अगस्त को ऑफलाइन आयोजित होगी। VDO भर्ती 2025 के लिए ग्रेजुएशन लेवल की समान पात्रता परीक्षापास होना अनिवार्य है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- VDO भर्ती के लिए 19 जून से फॉर्म भरे जाएंगे। अभ्यर्थी लास्ट डेट से पहले ही फॉर्म भर दें। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी भर्ती 2025 के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन है। इसके साथ कैंडिडेट्स को कम्प्यूटर विषय का बुनियादी ज्ञान होना जरूरी है। आवेदक के पास 12th क्लास में कम्प्यूटर विषय हो या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर का डिप्लोमा होना जरूरी है।VDO के पद पर अभ्यर्थियों का सिलेक्शन रिटन एग्जाम के जरिए किया जाएगा। परीक्षा दो चरणों में होगी। पहले प्रारंभिक परीक्षा और फिर मुख्य परीक्षा। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा के लिए योग्य होंगे। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी 2025 के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष होगी।

**मैट्रिक्स लेवल 6 के आधार पर सैलरी दी जाएगी**

भर्ती परीक्षा में सिलेक्ट होने के बाद उम्मीदवार को पे मैट्रिक्स लेवल 6 के आधार पर सैलरी दी जाएगी। हालांकि इससे पहले राजस्थान सरकार के नियम अनुसार 2 साल बतौर प्रोफेशनल उन्हें काम करना होगा।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

## एक पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता न हो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में 2 जुलाई को बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के लगभग 200 बीएलओ सहित देशभर से लगभग 2500 बीएलओ भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शेष बीएलओ का प्रशिक्षण जिला स्तर पर ही आयोजित किया जाएगा। इस प्रकार राजस्थान के कुल 52 हजार 500 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महाजन मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारियों सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में जिन पोलिंग बूथों पर 6 बजे बाद तक कतार लगी रहीं तथा जहां मतदाता संख्या 1200 से अधिक है, ऐसे पोलिंग बूथों का शीघ्र ही पुनर्गठन करना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की ओर से मतदान केन्द्र स्तर तक एजेंट (बीएलए) का नामांकन और चुनावी प्रक्रियाओं के प्रबंधन में इन एजेंट्स की तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को बीएलओ को पहचान पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। श्री महाजन ने कहा कि प्रदेश के नवीन जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नवीन जिलों में नोडल ऑफिसर की नियुक्ति, आईटी इनेबल्ड सेल क्रिएशन, ईवीएम वेयरहाउस, जिला कॉल सेंटर, इआरओ-नेट पर कंट्रोल टेबल अपडेशन, विभिन्न समितियों का गठन आदि कार्य समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म %ईसीआईनेट% का निर्माण किया है। यह वर्तमान में ट्रायल फेज में है । यह प्लेटफ़ॉर्म 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब ऐप्स को समेकित करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को चुनाव संबंधी सभी सेवाएँ एक ही जगह पर सहजता से उपलब्ध हो जाती हैं।

# कमल हासन फिल्म विवाद, SC की कर्नाटक सरकार को फटकार:कहा- बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

## एक्टर पर कन्नड़ के अपमान का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ की कर्नाटक में रिलीज न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी लोगों के सिर पर बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोका जा सकता। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कर्नाटक सरकार से कहा कि जब किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल चुका है तो उसे देश के हर राज्य में दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को एक दिन का समय दिया है कि वह फिल्म की रिलीज पर स्थिति साफ करे। दरअसल, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मांग की थी कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, फिल्म रिलीज नहीं होगी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है और मामला हाईकोर्ट की अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी। कमल हासन ने 24 मई को चेन्नई में ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कन्नड़ को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी है। इसके बाद एक्टर और उनकी फिल्म का कर्नाटक में लगातार विरोध हो रहा है।

### स्ट बोला- हाईकोर्ट का हासन को माफी मांगने के लिए कहना उचित नहीं

कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें कमल हासन से माफी की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का हासन को माफी मांगने के लिए कहना उचित नहीं है। फिल्म ठग लाइफ 5 जून को देशभर में रिलीज हुई थी, लेकिन कर्नाटक में इसे रिलीज नहीं होने दिया गया। कमल हासन बोले थे- तमिलों ने भाषा के लिए जान गंवाई, इसके साथ मत खेलो

# श्रीगंगानगर में रियल एस्टेट व्यापारी को मारी गोली

## 2 बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई, लॉरेंस ग्रुप ने ली हमले की जिम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर (नि.स.)।** श्रीगंगानगर में एक जिम के बाहर रियल एस्टेट व्यापारी को गोली मार दी गई। व्यापारी के जिम से निकलते ही उन पर 2 बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। गोलियों की आवाज से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह पूरा घटनाक्रम मंगलवार सुबह करीब सवा 10 बजे हुआ, जो सीसीटीवी में कैद हो गया।इस हमले में व्यापारी के पैर में गोली लगी है। श्रीगंगानगर शहर के व्यस्ततम जस्सा सिंह मार्ग पर बाइक सवार 2 युवकों ने फायरिंग की इस घटना को अंजाम दिया। घायल व्यापारी आशीष गुप्ता (50) को लोगों ने तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, उनका इलाज जारी है।इधर इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली है। इसको लेकर अनमोल विश्नोई नाम के फेसबुक आईडी से की गई एक पोस्ट शेयर हो रही है। वहीं एसपी गौरव यादव ने कहा कि कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले है, जल्द से जल्द घटना का खुलासा करेंगे।

### गोलियां चलने की आवाज से फैली दहशत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने एक के बाद एक कई गोलियां चलाई और करीब 5 से 7 राउंड फायरिंग हुई है। गोलियां चलने की आवाज से आसपास क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जांच शुरू की गई। घटनास्थल से कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी करवाई है। शहर के सभी प्रवेश और निकासी मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।


# नहर में गिरी बोलेरो, 6 लोग बहे

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ (नि.स)।** हनुमानगढ़ से सालासार बालाजी जा रही बोलेरो नहर में गिर गई। गाड़ी में 6 लोग सवार थे। बोलेरो गिरते ही ग्रामीणों ने तीन लोगों को बचा लिया। एक महिला को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया, वहीं दो लोग अभी भी लापता हैं। शाम 6 बजे बाद रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया।हादसा हनुमानगढ़ के लखुवाली इलाके में मंगलवार सुबह हुआ। सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने रस्सी के सहारे पानी में फंसे चार लोगों को बाहर निकाला और अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया।सीओ सिटी ने बताया-स्थानीय लोगों की तत्परता और बहादुरी से समय रहते तीन लोगों की जान बचाई जा सकी। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि हनुमानगढ़ जंक्शन के सुरेशिया से दो परिवार के 6 सदस्य सालासर बालाजी दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे।

# सूदखोरों से परेशान भाजपा-नेता ने की आत्महत्या: मंदिर में जाकर जहर खाया, सुसाइड नोट लिखा; बोले- 50 लाख के बदले 3 करोड़ दे चुका

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (नि.स.)।** संगठन में विभिन्न पदों पर रहे भाजपा नेता ने सूदखोरों से परेशान होकर मंदिर में जहर खा कर अपनी जान दे दी। उन्होंने सुसाइड करने से पहले पीएम मोदी के नाम ज्ञापन भी लिख कर SDM को सौंपा था। इसमें गुहार लगाई थी कि सूदखोरों ने मुझसे अवैध वसूली की और मेरे स्टाम्प और खाली चेक हड़प लिए। मैं 50 लाख के बदले अब तक 3 करोड़ रुपए दे चुका हूं। इसके बावजूद मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं भाजपा नेता ने मरने से पहले लेनदेन के सेठ लोग के नाम शीर्षक से सुसाइड नोट भी लिखा था। परिजनों ने सुसाइड नोट और पीएम को लिखे ज्ञापन के आधार पर मामला दर्ज करवाया है।

मामला भीलवाड़ा के आसींद थाना इलाके के मारवों का खेड़ा गांव की है।

पहले समझिए घटना की टाइमलाइन

लादूलाल तेली भाजपा इकाई अध्यक्ष (1995-1998) और OBC अध्यक्ष (1998-2005) रह चुके हैं।

उन्होंने 24 मई को प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक ज्ञापन लिखा था।

इसी दिन शाम को उन्होंने जहर खा लिया, इसके बाद वे अस्पताल में भर्ती थे।

26 मई को स्छरूकार्यालय की ओर से आसींद थाना SHO को कार्रवाई के आदेश दिए थे।

27 मई की रात अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

8 जून को परिजनों ने कमरा खंगाला तो उसमें डॉक्युमेंट्स के साथ सुसाइड नोट मिला।

# केंद्रीय मंत्री बोले- बंटवारे में पाकिस्तान को मिला 80% पानी: राजस्थान में डार्क जोन खत्म करने के लिए जिलों को सौंपा मास्टर प्लान

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (नि.स.)।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतरीन निर्णय लिया है। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के 13 साल बाद जब पाकिस्तान के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भारत के हितों को हमेशा हमेशा के लिए पाकिस्तान के साथ गिरवी रख दिया था।देश के बंटवारे में 18 प्रतिशत भू भाग पाकिस्तान और 82 प्रतिशत भूभाग भारत के रूप में चिह्नित हुआ, लेकिन जब पानी का बंटवारा हुआ तो 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को मिला और महज 20त्न पानी भारत को मिला। ऐसे में पाकिस्तान को जाने वाली पानी को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सही फैसला किया है।शेखावत मंगलवार को जोधपुर में थे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात की। उन्होंनें केंद्र सरकार की ओर से जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों को लेकर जानकारी दी।

### राजस्थान में डार्क जोन को सेफ जोन बना रहे हैं

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कई जगहों पर डार्क जोन थे, जिन्हें तकनीक के जरिए सेफ जोन तक लाया गया। डार्क जोन समाप्त करने के लिए सभी जिलों को मास्टर प्लान दिया गया है। अमृत सरोवर अभियान के तहत राजस्थान में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ।उन्होंने कहा कि भारत की सारी नदियों में सालभर में जो पानी बहता है उसका 80 प्रतिशत पानी मानसून के माह में बहता है। कई तरह की जलवायु परिस्थितियों के चलते भी जल को लेकर चुनौती सामने आने लगी है।

### 700 जिलों में जलशक्ति अभियान जारी

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जमीन से पानी निकालने वाला देश है। इसके बाद अमेरिका और चाइना का नंबर है। हमारे ग्रामीण की पेयजल आपूर्ति भूगर्भ के जल पर आधारित है। खेती का 75 प्रतिशत हिस्सा भी भूगर्भ से आता है। इसके अत्यधिक दोहन के चलते देश में डार्क जोन बढ़ रहे हैं।इसको ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्षा जल संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान और कार्य हुए। देश के सभी 700 जिलों में जलशक्ति अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। भू गर्भ के जल की मैपिंग करके रोडमैप बनाया गया।

### जोजरी नदी को करेंगे प्रदूषण मुक्त

राजस्थान में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान से नई चेतना जागी है। गांव गांव में वर्षा जल संरक्षण की तैयारियों पर काम किया जा रहा है। राजस्थान भर में जल संरक्षण को लेकर एक जन आंदोलन खड़ा हुआ है, जिसमें 15 हजार से अधिक पारंपरिक जल स्रोतों का सुदृढ़ीकरण किया गया है। जोजरी नदी में बह रहे प्रदूषित पानी को लेकर उन्होंने कहा कि इसको लेकर राजस्थान सरकार काम कर रही है। आने वाले समय में नदी के 26 किलोमीटर के बहाव क्षेत्र में उद्योगों से निकलने वाला केमिकल पानी अलग लाइन से निकाला जाएगा। नदी को स्वच्छ किया जाएगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार